आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 28 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-091 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

केजरीवाल को कोर्ट से मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली,28 जून। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सीबीआई की 3 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं. मंगलवार को सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ की थी. फिर अगले दिन राउज एवेन्यू कोर्ट में उनकी पेशी हुई और वेकेशन बेंच के जज अमिताभ रावत ने सीबीआई को 3 दिन की कस्टडी की अनुमति दे दी. साथ ही कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को भी कुछ रियायतें दी सीएम केजरीवाल ने कोर्ट से खाने-पीने और पत्नी से मुलाकात को लेकर कुछ रियायतें मांगी थीं. इस पर जस्टिस अमिताभ रावत ने उन्हें 5 चीजों की छूट दे दी. इसमें घर का खाना, पत्नी सुनीता केजरीवाल और वकील से हर रोज मुलाकात और श्रीमद्भगवद गीता उपलब्ध कराए जाने समेत 5 चीजों की रियायत दी गई थी.

बछड़े को कार से कुचलने का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर. छत्तीसगढ़ की न्यायधानी में गाय के बछड़े को कार से कुचलने वाले आरोपी को पुलिस ने आज शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है. एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने गिरफ्तारी की पुष्टी करते हुए बताया कि आरोपी शेख शाहिद के खिलाफ आईपीसी की धारा 429 और छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,10 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है. बता दें, बिलासपुर में 25 जून (मंगलवार) की रात आरोपी शेख शाहिद ने रोड पर बैठे गाय के बछड़े पर निर्ममता से कार चला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था. लगातार प्रदेश में गौहिंसा के मामले पर आक्रोशित हिंदू संगठन और गौ सेवक संगठनों ने गुरुवार को एसपी-कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर इस घटना के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की थी. जिसके बाद यह आज पुलिस ने आरोपी शेख शाहिद को गिरफ्तार कर लिया है.

8वी मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

रायपुर,28 जून। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द इलाके के निर्माणाधीन बिल्डिंग से एक महिला ने कूदकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जूट गई है। मिली जानकारी के अनुसार,एक महिला टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द के निर्माणाधीन बिल्डिंग के ऊपर भागते हुए चढ़ी और 8वे फ्लोर से कूद गई। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला का नाम शबनम परवीन है। उसकी उम्र 41 साल थी। बताया जा रहा है कि मृतक महिला का घर घटनास्थल के आसपास रहती थी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और आसपास के लोगों और मृतक महिला के परिजनों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

हेमंत सोरेन को मिली जमानत

रांची,28जून। जमीन घोटाला मामले में फंसे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन को जनानत दे दी है। सोरेन करीब पांच महीने बाद सोरेन जेल से बाहर आएंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। हेमंत सोरेन पर 8.42 एकड़ जमीन घोटाला का आरोप है। सोरेन रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद हैं। झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन को जमानत मिलना पार्टी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। सोरेन की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 13 जून को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने 27 मई को झारखंड हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। ईडी ने हाई कोर्ट में कई महत्वपूर्ण सबूत पेश किए थे. कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया था।

'नीट-यूजी' पेपर लीक मामले पर लोकसभा में जमकर हंगामा

सदन की बैठक 1 जुलाई तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली,28 जून। लोकसभा में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों की 'नीट-यूजी' परीक्षा में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामे के कारण सदन की बैठक को एक बार के स्थगित के बाद एक जुलाई तक के लिए स्थगित. इससे पहले लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी थी. विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट का मुद्दा उठाया और विपक्षी सांसदों के साथ मिलकर इस मामले पर चर्चा की मांग की. स्पीकर ओम बिरला ने आग्रह किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाए. विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, हम विपक्ष और सरकार की ओर से भारत के छात्रों

को एक संयुक्त संदेश देना चाहते थे कि हम इस मुद्दे को जरूरी मानते हैं. इसलिए, हमने सोचा कि छात्रों के सम्मान के लिए हम आज नीट पर चर्चा करेंगे।

लोकसभा की कार्यवाही जब शुरू हुई, स्पीकर ओम बिरला ने सदन के 13 पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना दी. सदन में पूर्व सदस्यों के निधन पर मौन रखकर शोक प्रकट किया गया. इसके बाद स्पीकर ने सदस्यों से अपने नाम के आगे अंकित प्रपत्र सभा पटल पर रखने के लिए कहा. इस पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट का मुद्दा उठाते हुए इस पर चर्चा की मांग की. राहुल गांधी की मांग पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आप किसी भी विषय पर डिटेल में बोल सकते हैं और सरकार से मेरी उम्मीद होगी कि वह जवाब देगी. राहुल गांधी ने स्पीकर से दो मिनट टाइम मांगा. इस पर स्पीकर ने कहा कि आप दो मिनट नहीं, जितना आपकी पार्टी का समय है आप पूरा ले सकते हैं. आप डिटेल में बोलना. स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप प्रतिपक्ष के नेता हैं, संसदीय मर्यादाओं का पालन कीजिए. इसके बाद राहुल गांधी ने कुछ कहा जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि मैं माइक बंद नहीं करता हूं, यहां कोई बटन नहीं है. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के जो स्टूडेंट हैं, उन्हें जॉइंट मैसेज देना चाहते थे.

रायपुर,28 जून। राजधानी में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यूनिफाइड कमांड की बैठक ली। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग श्री मनोज कुमार पिंगुआ सहित केंद्र एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आईटीबीपी, बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, भारतीय वायुसेना और छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

गोली चलाने वाले के घरों पर चला बुलडोजर

भिलाई,28 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

तीन युवकों पर गोली चलाने के मामले को लेकर सुर्खियों में बने फरार आरोपी अमित जोश के अवैध निर्माण पर आज बुलडोजर चला दिया गया। बदमाश अमित जोश ने बीएसपी टाउनशिप में सेक्टर 6 के 18 आवासों में अवैध कब्जा कर किराए पर दे रखा था। गोली कांड में आरोपी चिन्हित होने के बाद पुलिस अमित जोश की सरगर्मी से तलाश कर रही है। वहीं आज उसके कब्जे वाली आवास के अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया। बाकी के आवासों से भी कब्जेधारियों को खदेड़ने की कार्यवाही की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए गोली कांड में शामिल आरोपी के घर पर बुलडोजर चला दिया गया है। गोलीकांड में शामिल आरोपी का घर टाउनशिप सेक्टर 6 ए मार्केट के समीप स्थित है। इस अवैध आवास को गिराने की कार्यवाही सुबह शुरू किया गया। स्थल पर 100 से अधिक पुलिस कर्मचारी एवं प्रवर्तन विभाग बीएसपी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा टाउनशिप के सेक्टर 6 में उन अपराधियों के अवैध आवासों को खाली कराया जा रहा है, जो पिछले दिनों गोली कांड में शामिल थे।

बीएसपी द्वारा इस तरह की कार्रवाई भिलाई में पहली बार की जा रही है। कार्रवाई के दौरान एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आपको बता दें कि 25 व 26 जून की दरम्यानी रात्रि 1-20 बजे घटनास्थल सेक्टर 10 पुलिया के पास सेंट्रल एवेन्यू रोड में अमित जोश एवं उसके साथी सागर बांध उर्फ डांगी, अंकुर शर्मा एवं यशवंत नायडू के द्वारा विश्रामपुर निवासी रमनदीप व उसके दो दोस्त आदित्य सिंह एवं सुनील यादव पर फायर किया गया था। इस गोलीकांड में आदित्य सिंह एवं सुनील यादव को गोलियां लगी थी। इस घटना में शामिल दो आरोपियों में अंकुर शर्मा और यशवंत नायडू को भिलाई नगर पुलिस गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अमित जोश एवं सागर बाग की तलाश की जा रही है। दोनों के फरार होने की स्थिति में आज पुलिस द्वारा बड़ा एक्शन लेते हुए घरों को गिराया जा रहा है।

भारतीय का नाम लेकर संसद में रो पड़ी मेलोनी

रोम,28 जून। इटली में भारतीय नागरिक सतनाम की मौत से पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। सिर्फभारत ही नहीं इससे इटली को सबसे ज्यादा झटका लगा है। पूरी दुनिया में इटली की छवि खराब हो रही है क्योंकि देश में काम करने गए एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को इस बात से बड़ा गुस्सा आया। जॉर्जिया मेलोनी का मन अशांत है। संसद में सतनाम सिंह का नाम लेकर जिस तरीके से जॉर्जिया मेलोनी भावुक हुईं। उसके बाद पूरी दुनिया की निगाहें मानों इटली पर आकर रूक गई। रूंधे गले से न सिर्फउस शख्स का नाम मेलोनी ने लिया बल्कि कुछ ऐसा कहा कि संसद में मौजूद हर कोई अपनी सीट से खड़ा हो गया। फिर पूरी संसद में केवल तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ने लगी।

जॉर्जिया मेलोनी ने जो कुछ भी कहा उसे सुनकर पूरी दुनिया स्तब्ध है। दुनिया के बाकी देश भी इससे सीख लेना चाहते हैं। बता दें कि इटली उस वक्त सुर्खियों में आ गया जब पंजाब के भठिंडा जिले के रहने वाले सतनाम सिंह की इटली में मौत हो गई। सिंह का लातिना में स्ट्रॉबेरी की पैकिंग करने वाली मशीन से हाथ कट गया था जिसके बाद उनके नियोक्ता ने सिंह को बिना चिकित्सा उपचार के छोड़ दिया था।

दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट की छत गिरी,1 की मौत

नई दिल्ली,28 जून। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर आज सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक छत का ऊपरी हिस्सा गिर गया, जिससे कई गाड़ियां चपेट में आ गईं। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत पहुंच गई। टर्मिनल 1 में छत का एक हिस्सा गिरने से 5 लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक व्यक्ति, जो गाड़ी के अंदर फंसा हुआ था, को भी बाहर निकाला गया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने इस घटना की पुष्टि की है। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और कई गाड़ियों को भी नुकसान हुआ है। घायलों को निकालकर अस्पताल भेजने का काम तेजी से किया जा रहा है। अब तक कुल 5 लोग घायल हो चुके हैं ।

डेटा व तकनीक के उपयोग में देशभर में बजा छग का डंका

बिलासपुर,28 जून। स्मार्ट सिटी बिलासपुर ने एक और उपलब्धि हासिल की है. डेटा और तकनीक के उपयोग में बिलासपुर को देशभर के टॉप 5 शहरों में पांचवा स्थान मिला है. वहीं टीम मैनेजमेंट और अंतर्विभागीय समन्वय में 95 प्रतिशत अंकों के साथ बिलासपुर पूरे देश में अव्वल नंबर पर है. रायपुर 85 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है. बिलासपुर शहर के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि हैं की देश के 100 स्मार्ट सिटी में अलग-अलग सेक्टर में पहले और पांचवें स्थान पर हमर बिलासपुर है. इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम छत्तीसगढ़ की उपलब्धि बनी और सेंट्रल लाइब्रेरी पूरे देश में मॉडल बनकर उभरी है. गुरुवार को नई दिल्ली में आइएमएएफ 2.0 यानी आई ट्रिपल सी मैच्योरिटी असेसमेंट फ्रेमवर्क पर आधारित स्मार्ट सिटी के सीईओ कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया था. इस कान्फ्रेंस में देशभर की स्मार्ट सिटी का क्वालिटी कंट्रोल आफ इंडिया के द्वारा की गई मूल्यांकन की समीक्षा की गई. इसमें मूल्यांकन के परिणामों को घोषित किया गया. परिणामों की घोषणा करते हुए डेटा और तकनीक तथा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के बेहतर उपयोग के लिए बिलासपुर को सम्मानित किया गया. इस पुरस्कार को बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी अमित कुमार ने ग्रहण किया.

एक साथ 20 मुसलमान बन गए हिंदू

इंदौर,28 जून। मध्य प्रदेश के इंदौर में एक साथ 20 मुसलमानों ने अपना धर्म बदल लिया है। सामूहिक धर्म परिवर्तन इंदौर के उसी खजराना गणेश मंदिर में हुआ है जहां अप्रैल में 8 मुसलमानों ने सनातन धर्म अपना लिया था। धर्म परिवर्तन के लिए यहां एक खास अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इंदौर के खजराना मंदिर में मुस्लिम समुदाय के 20 लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया है। खजराना गणेश मंदिर में शुक्रवार को पहुंचे अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं और पुरुषों ने विधि विधान से सनातन धर्म को अपनाया। धर्म बदलने वाले लोगों में इंदौर के खजराना इलाके का एक नागरिक है और बाकि सभी अन्य जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। धर्म बदलने वालों में 12 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। इनका कहना है कि हिंदू धर्म के बारे में पूरी जानकारी जुटाने और अध्ययन करने के बाद ही इन्होंने इसे अपनाने का फैसला किया। खजराना गणेश मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ इन लोगों की घर वापसी कराई गई। खजराना मंदिर आने के पूर्व इन सभी को पाटीदार समाज की धर्मशाला में पंडितों ने गोमूत्र, मिट्टी और 10 नदियों के जल से स्नान से कराया। इसके बाद भगवा वस्त्र धारण करवा कर खजराना मंदिर लाया गया। यहां अनुष्ठान के दौरान उनका धर्म बदला गया। 27 अप्रैल को इसी मंदिर में 8 मुसलमानों ने सनातन धर्म अपना लिया था। खजराना के रहने वाले हैदर ने अपना नाम परिवर्तन किया था जिस के बाद उसने अपना नाम हरि कर लिया था। अज्ञात आरोपियों ने धर्मांतरण के दो दिन बाद हरि के घर पर पथराव किया था।

सांसद यादव के बंगले में घुसा पानी, स्टाफ ने गोद में उठाकर कार में बैठाया

नई दिल्ली,28 जून। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बारिश शुरू हो चुकी है। लोगों को गर्मी से हारत भी मिली है। हालांकि, जलभराव की समस्या शुरू हो गई है। पहली ही बारिश में दिल्ली के कई हिस्सों में पानी लग गया है। सुबह से ही लोगों को भारी परेशानी हो रही है। वीवीआपी इलाके में भी ये दिक्कत देखने को मिल रही है। कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में सपा सांसद राम गोपाल यादव को उनके स्टाफ के सदस्य और अन्य लोग उनकी कार तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उनके आवास के आसपास का इलाका पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। इसके बाद सपा नेता ने एक बयान में कहा कि एनडीएमसी तैयार नहीं है।

बारिश देर से हुई, फिर भी नालों की सफाई नहीं की। उन्होंने कहा कि अगर नालों की सफाई हो गयी, तो ऐसी स्थिति कभी नहीं आयेगी। नीति आयोग के एक सदस्य, मंत्री, गृह राज्य मंत्री, अन्य मंत्री, नौसेना एडमिरल, जनरल यहां रहते हैं। लेकिन जलजमाव होने पर आवागमन में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि आप देख सकते हैं कि संसद में जाने के लिए मुझे क्या करना पड़ा। मैं सुबह 4 बजे से एनडीएमसी अधिकारियों से बात कर रहा हूं। उन्हें पानी बाहर निकालना चाहिए, पानी हमारे घरों में घुस गया है। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार देर रात से जारी भारी बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव हो गया और दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-एक की छत का एक हिस्सा गिर गया। बारिश देर रात तीन बजे शुरू हुई थी। सफदरजंग मौसम केंद्र ने 153.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की है।

9वीं आईसीसी टी-20 विश्वकप क्रिकेट चैंपियनशिप

jasclaudius@gmail.com

टाइटिल हासिल करने सबकुछ लगाना होगा दांव पर

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

क्रिकेट के तीसरे प्रारूप टी-20 जिसके एक पारी में 20 ओवर गेंदबाजी की जाती है इसका विश्व कप इन दिनों संयुक्त राज्य अमेरिका तथा वेस्टइंडीज के संयुक्त मेजबानी में खेला जा रहा है। क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इस बार टी-20 के विश्व चैंपियनशिप में 16 टीम को प्रवेश दिया था। परंतु संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर अन्य कोई टीम प्रभाव नहीं डाल सकी। सेमीफायनल में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान की टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें से अब तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के किसी भी टूर्नामेंट में फायनल में स्थान बनाने में विफल रही दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी अफगानिस्तान को बुरी तरह से शिकस्त देकर फायनल में स्थान बनाया है। दूसरी तरफ क्रिकेट की जनक माने जाने वाली इंग्लैंड की टीम का सेमीफायनल में आमना-सामना हुआ। इंग्लैंड की टीम भारत के निशाने पर थी क्योंकि पिछले टी-20 के सेमीफायनल में इंग्लैंड ने उसे हराया था। पराजय का बदला लेने उतरी भारतीय टीम ने अपने प्रतिष्ठा के अनुरूप खेल दिखाया और इंग्लैंड को करारा मात देकर फायनल में जगह बनाई। भारत इसके पूर्व 2007 तथा 2014 में भी आईसीसी टी-20 विश्वकप के फायनल में स्थान बना चुकी है। परंतु उसे चैंपियन बनने का अवसर 2007 में मिला जबकि 2014 में उपविजेता बनी थी। दोनों ही बार टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी थे। वर्तमान में भारत की विश्व वरीयता पहला है। इस स्पर्धा से बाहर हो चुकी आस्ट्रेलिया को दूसरा, इंग्लैंड को तीसरा साथ ही वेस्टइंडीज को चौथा स्थान प्राप्त है। 2024 के टी-20 विश्व कप

फायनल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से है जिसकी वरीयता 5वीं है। भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरा सेमीफायनल वेस्टइंडीज के गुयाना में खेला गया। इस चैंपियनशिप में 11वीं टीम के रूप में बारिश ने भी अपनी भूमिका निभाई। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं क्रिकेट-दर्शकों खिलाड़ियों के बीच इस स्पर्धा के बीच वर्षा ने खलनायक की भूमिका निभाई। वर्षा की वजह से कम से कम 7-8 मैच प्रभावित हुए। इंग्लैंड-भारत के बीच खेले जाने वाले इस मैच में वर्षा ने बाधा डालने की कोशिश की जिसकी वजह से दर्शकों, खिलाड़ियों, आयोजकों-प्रायोजकों के माथे पर चिंता की लकीर खींच गई थी क्योंकि इस चैंपियनशिप के नियमानुसार कोई रिजर्व डे नहीं रखा गया था। लेकिन सौभाग्य से ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। और दोनों टीम के बीच थोड़े व्यवधान के साथ मैच सम्पन्न से गया। भारत ने इंग्लैंड को 67 रन से एकतरफा परास्त किया। जिसका कारण भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का 57 रन का योगदान साथ ही अक्षर पटेल व कुलदीप यादव की सटीक गेंदबाजी रही। भारत ने इस स्पर्धा में अब तक शानदार टीम वर्क का परिचय दिया है। भारत का एक मैच कनाडा के साथ बारिश में धुल गया अन्यथा फायनल तक के सफर में भारत ने अपने सभी मैच जीते। सेमीफायनल में जीत से भारतीय दल में उत्साह का माहौल बन गया है। अब उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से है। इस मैच को अन्य मैच की तरह भारतीय खिलाड़ियों को गंभीरता से लेना होगा। इसकी सबसे बड़ी वजह दक्षिण अफ्रीकी टीम की अब तक प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मिली असफलता है। 'चोकर' कहलाने से बचने के लिए दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स के सामने एक स्वर्ण अवसर है। वे बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण में सब कुछ दांव में लगा देंगे। दूसरी तरफ भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तथा एक दिवसीय विश्वकप के फायनल में मिली हार को धोने का अवसर आ गया है। अतः दोनों के लिए यह फायनल प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है।

पहली ही बारिश में ढह गया पुल

बीजापुर,28 जून। गुरुवार की शाम नगर मे हुई तेज बारिश से नगर का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। साथ ही नगर के कई वार्डों में नाली का गंदा पानी आने से आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पडी है। लगभग आठ घंटे चली इस अनवरत बारिश से जिला अस्पताल की पिछले हिस्से की दीवार ढह गई है।जिससे बगल से लगी सड़क में मलबा गिरने से सडक जाम हो गई थी जिसे आज प्रातः नगरपालिका के कर्मचारियों ने जेसीबी से मलबा हटाना शुरू कर दिया है। इस घटना मे कोई जनहानि नहीं हुई है। बहरहाल इस बारिश से मानसून की दस्तक हो गई है और किसानों के चेहरे खिल गये हैं। वे किसानी कार्य मे जुट गए हैं। ग्रामीण अंचलों मे इस बारिश. ने कहर बरपाया है। सडक पुल-पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है।

एक नजर

युवक पर चाकू से हमला,दो गिरफ्तार

भिलाई, 28 जून। भिलाई पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आदतन मारपीट, चोरी, लूट के अपराध करने वाले आरोपी निकले छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि 25 जून को घासीदास मैदान के पास शाम 9.5 बजे बाबी सोनी अपने दोस्तों के साथ खड़ा था उसी समय सोहेल खान उर्फ खलनायक, यश पाण्डेय उर्फ मसान तथा एन. जोनसन तीनों अपने-अपने हाथ में चाकू व कटर लेकर आये और पूर्व में हुए विवाद व रंजिश को लेकर गला-गलौज कर व जान से मारने की धमकी देते हुए मुकेश यादव को तीनों चाकू व कटर से जान से मारने की नीयत से प्राण घातक प्रहार कर चोट पहुंचाये थे, जिससे मुकेश यादव के पेट, पीठ मे तथा बाये पैर मे धार चाकू से वार करने से गंभीर चोट आई थी उक्त घटना की सूचना मिलने पर जामुल थाना में धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया

करंट से युवक की मौत

भिलाई, 28 जून। भिलाई इंदिरा नगर डुंडेरा में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई उतई पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है उतई पुलिस ने बताया कि दुष्यंत बंजारे (35) अपने घर पर था उसके घर में लोहे का दरवाजा और चौखट लगा हुआ है दरवाजे और चौखट के बीच से बिजली का तार गया हुआ था वो दरवाजा बंद कर रहा था इसी दौरान बिजली का तार कट गया और दुष्यंत उसकी चपेट में आ गया जिससे दुष्यंत की मौके पर मौत हो गई।

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई, 28 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र (बीएमडीसी) में ई-2 से ई-7 ग्रेड अधिकारियों के लिए एन्हान्सिंग इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी विषय पर दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस सत्र में कुल 24 अधिकारीगण भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक बी के गिरी उपस्थित थे। अपने संबोधन में गिरी ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और कंपनी की ट्रिपल बॉटम लाइन को बढ़ाने के लिए पर्यावरण संरक्षण और हरित इस्पात के उत्पादन में नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व निदेशक शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और पूर्व कार्यपालक निदेशक सेल एसपीएस जग्गी ने कार्यक्रम का संचालन किया। महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम में प्राप्त सीख को अपने कार्यस्थल पर विवेकपूर्ण तरीके से लागू करने का अनुरोध किया।

बीएसपी के आयोजित त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण का समापन

भिलाई, 28 जून। भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत आदर्श इस्पात ग्राम अंडा में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के माध्यम से विगत तीन माह से संचालित जुट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 26 को किया गया। मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक श्रीमति रेणु गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक शिवराजन तथा प्रबंधक (छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड) सीएस केहरी उपस्थित थे।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच करने 32दलों का गठन

रिसाली। कैच द रैन अभियान के तहत सर्वे करने रिसाली निगम ने 32 दल गठन किया है। दल में शामिल सदस्य डोर-टू-डोर जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करेंगे। सर्वे रिपोर्ट प्रभारी सब इंजीनियर को सत्यापित कर देना होगा। इसके लिए आयुक्त मोनिका वर्मा ने 7 दिन का समय दी है। नगर पालिक निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि 150 वर्ग मीटर से अधिक जमीन पर बनाए घर में वाटर हार्वेस्टिंग का होना आवश्यक है। कई ऐसे है जो केवल सोख पीट की तरह गड्ढा कर खानापूर्ति कर रहें है। आयुक्त ने कहा है कि ऐसे घरों को वो पहले चिन्हित करेंगी। सर्वे के आधार पर नियमतः रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बनाने सब इंजीनियर गाइड करेंगे। आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र में बने बड़े व्यवसायिक परिसर और सामाजिक भवनों के अलावा मांगलिक भवनों में सिस्टम बना है कि उसे जांच करने का निर्देश दिया गया है। रिसाली निगम क्षेत्र में अपार्टमेंट और कालोनाइजर द्वारा तैयार कालोनी अधिक है। निर्माण समय पूर्ण होने पर बी.सी.सी. लेने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत किया जाता है। सिस्टम सही है कि नहीं अथवा वास्तव में पानी जमीन के अंदर जा रहा है कि नहीं इसकी जांच नहीं होती। निगम के सब इंजीनियर अपार्टमेंट व कालोनी में बनाए हार्वेस्टिंग सिस्टम को अपनी उपस्थिति में चेक कराना होगा। सिस्टम बंद पाए जाने पर उसका मरम्मत मकान स्वामी या फिर सोसायटी स्वयं के व्यय पर करेंगे। आयुक्त ने इसकी जिम्मेदारी वार्ड प्रभारी सब इंजीनियर को दी है। सहयोग के लिए सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। 7 दिवस में सर्वे कार्य पूर्ण होने पर प्रभारी सब इंजीनियर को अपने वार्ड का सत्यापित रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। आयुक्त ने कहा है कि रिपोर्ट की सत्यता जांचने वे रेण्डम जांच भी करेंगी।

कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर कराया शाला प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,28 जून। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन जिले के ग्राम बिरकोना और गोपालभावना के प्राथमिक शाला में पहुंचकर नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा उन्हें मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को गणवेश, पुस्तकें का भी वितरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्राचार्यों और अभिभावकों को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ और शाला प्रवेशोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने स्कूल के बच्चों से सहज भाव से बात-चीत कि जिससे बच्चे काफी उत्साहित और प्रोत्साहित महसूस कर रहें है। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के बारे में पूछा और उन्हें अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कक्षा पहली में प्रवेश करना बच्चों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। बच्चे अपने नए शैक्षणिक सफर की शुरूआत उत्साह और खुशी के साथ करें। उन्होंने बच्चों को बताया कि स्कूल में बहुत कुछ सीखने मिलेगा और यह उनकी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमेशा जिज्ञासू बने, शिक्षकों से सवाल करें और अपने पढ़ाई का आनंद ले। उन्होंनें कहा कि स्कूल में खूब पढ़ाई करें, खेले और खाएं।उल्लेखनीय है कि नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए आज कबीरधाम जिले के सभी स्कूलों में उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां नए बच्चों को स्कूल प्रवेश करने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल के परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री वाई डी साहू सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर छात्रों को कराया शाला प्रवेश

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने विकासखंड कवर्धा के ग्राम बिरकोना और गोपालभावना में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के मौके पर स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा उन्हें मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। इस मौके पर उन्होंने स्कूली बच्चों को गणवेश, पुस्तकें का भी वितरण किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्राचार्यों और अभिभावकों को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ और शाला प्रवेशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि यही बच्चे हमारा भविष्य हैं और इन बच्चों को शिक्षा का उचित वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है ताकि इनका पढ़ाई में मन लगा रहे।स्कूली बच्चों के प्रतिभा से प्रभावित हुए कलेक्टर कलेक्टर महोबे ग्राम बिरकोना के प्राथमिक शाला पहुंचकर बच्चों के साथ सहजता के साथ बातचीत कर उनके पूर्व ज्ञान का परीक्षण किया। वें अपने पूछे गए सवालों का उत्तर बच्चों से जानकर प्रभावित हुए। कलेक्टर ने कक्षा पांचवी के महिमा चंद्रवंशी से अंग्रेजी में प्रश्न पूछा वॉट इज यूवर नेम, वॉट इज यूवर फादर नेम, वॉट इज यूवर मदर नेम तब महिमा ने अंग्रेजी में फर्राटेदार जवाब दिया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थी होरी राम साहू से भाग के सवाल पूछे जिसका उन्होंने तत्परता से जवाब दिया।

कलेक्टर ने बच्चों को सिखाया हैंण्डवास करने का सहीं तरीका

कलेक्टर ने स्कूल के विद्यार्थियों को सही तरीके से हैंडवाश करना सिखाया और कहा कि स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समझाया कि नियमित रूप से हाथ धोने से कई बिमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि खाने से पहले और बाद में शौचालय का उपयोग करने के बाद और खेल के बाद हाथ धोना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

कवर्धा,28 जून। शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सिग्नल चौक कवर्धा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, वनीत छाबड़ा, एवं समाजसेवी श्रीमती शुशीला श्री श्रीमाल ने विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने विद्यार्थियों को अपने सम्बोधन में विद्यार्थियी के सर्वांगीण विकास की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े की तरह होते है, शिक्षक ही उन्हें आकर देकर उनके सपनों को साकार करते है। माता पिता की प्रथम पाठशाला से ऊपर विद्या अध्ययन करने विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप उक्त बातें कही। चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि आज वर्तमान परिवेश पूर्णतः बदल गया है, आज छोटे एवं बड़े सभी नशे, अन्य अनेक प्रकार की बुराइयों के गिरफ्त में आ चुके है। उन्हें भी समाज के मुख्यधारा में जोड़कर प्रगति का अवसर प्रदान करने में कोई भी कसर बाकी न रहे। अथितियों ने सम्बोधित करते हुए आशीर्वचन प्रदान कर उज्वल भविष्य की कामनां की। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य ने विद्यालय की भैतिक संरचना, सुविधाएं पर अतिथियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सभी अतिथियों के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त करते हुए स्टाफ और बच्चों को नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी।

भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर : नीलू शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 28 जून। भारतीय जनता पार्टी कोर ग्रुप की बैठक पाटन में आयोजित हुआ। उक्त बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में नीलू शर्मा प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने योग को जन मानस से जोड़ने हेतु 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाने आह्वान किया है तब से अनेकों देशो में भी योग को अपनाया है। आज भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जिनके परिपालन हम सबको करना है। पार्टी के छ- कार्यक्रम में से एक कार्यक्रम जो जनसंघ के संस्थापक डा श्यामाप्रसाद मुख़र्जी के बलिदान दिवस 23 जून से 07 जुलाई तक प्रत्येक बूथ में माँ के नाम एक पेड़ का पौधारोपण किया जाना है। कांग्रेस शासन काल में 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या किया गया था, जिनकी मंडल स्तर पर काला दिवस के रूप में कार्यक्रम किया जाना है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने पार्टी के विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा कर सम्बोधित किया । स्वागत उद्बोधन लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मंडल आभार लोकमणि चंद्राकर अध्यक्ष उत्तर मंडल ने किया। संचालन खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मंडल ने किया। उक्त बैठक में दयाराम साहू पूर्व विधायक गुंडरदेही, दिलीप साहू उपाध्यक्ष जिला भाजपा, सुरेंद्र कौशिक महामंत्री जिला भाजपा, श्रीमति हर्षा चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, श्रीमति दिव्या कलिहारी अध्यक्ष जिला महिला मोर्चा , राकेश पाण्डेय सह संयोजक पाटन विधानसभा, लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मंडल, खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मंडल, लोकमणि चंद्राकर अध्यक्ष उत्तर मंडल, रूपसिंह सिन्हा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग जिला , पोसूराम निर्मलकर प्रदेश कार्यकारिणी, अजय बघेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, योगेश निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष पाटन, आयुषी पाण्डेय प्रदेश मीडिया सह प्रभारी,पी एन दुबे पूर्व अध्यक्ष कुम्हारी मंडल, महामंत्रीगण हरिशंकर साहू, राजेश बन्छोर, तेजेन्द्र पिपरिया, कैलाश यादव,उत्तरा सोनवानी, फेरहाराम धीवर, गोल्डी गोस्वामी, रामाधार शर्मा, दामोदर चक्रधारी , अखिलेश मिश्रा, श्रीमति निशा सोनी, नितेश तिवारी, साहू, होरीलाल देवांगन, बाबा वर्मा, हर्ष भाले, अजय सिंह राजपूत, धनराज साहू, दयानंद सोनकर,केवल देवांगन, देवेंद साहू, सागर सोनी,पुष्कर साहू, धर्मेंद्र कौशिक, राजू रूपेंद्र साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सावित्री जंघेल ने प्राप्त की डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि

भिलाई, 28 जून। भिलाई इस्पात संयंत्र के कनिष्ठ अधिकारी चैन दास जंघेल की पत्नी श्रीमती सावित्री जंघेल ने शोध निर्देशक डॉ बनिता सिन्हा, विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मार्गदर्शन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की। शोधकर्ता डॉ सावित्री जंघेल आर्यावर्त शिक्षा महाविद्यालय रूआबांधा में शिक्षा संकाय की सहायक प्राध्यापक हैं। डॉ सावित्री जंघेल ने योगाभ्यास का शिक्षकों की रक्षा युक्ति एवं कक्षाकक्ष व्यवहार पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया।

मचांदुर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 में छह माह के शिशुओं का कराया गया अन्नप्राशन

उतई, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मचांदुर आंगनबाड़ी केंद्र पर शिशुओं के अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही शिशु के स्वजनों को शिशुओं के लिए स्तनपान के साथ अनुपूरक आहार उपयोग करने की जानकारी दी गई। जिले में बाल कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उतई (मचांदुर) गुरुवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिशुओं के अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही शिशु के स्वजनों को शिशुओं के लिए स्तनपान के साथ अनुपूरक आहार उपयोग करने की जानकारी दी गई। जिले में बाल कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि बाल कुपोषण को कम करने में अनुपूरक आहार की अहम भूमिका होती है। छह माह तक शिशु का वजन लगभग दो गुना बढ़ जाता एवं एक वर्ष पूरा होने तक वजन लगभग तीन गुना एवं लंबाई जन्म से लगभग डेढ़ गुना बढ़ जाती है। जीवन के दो वर्षों में तंत्रिका प्रणाली एवं मस्तिष्क विकास के साथ सभी अंगों में संरचनात्मक एवं कार्यात्मक दृष्टिकोण से बहुत तेजी से विकास होता है। इसके लिए अतिरिक्त पोषक आहार की जरूरत होती है। इस अवसर पर भाजयुमों अध्यक्ष उतई मंडल एवं पंच ग्राम पंचायत मचांदुर वार्ड क्रमांक 10 श्री प्रवीण कुमार यदु,जयंती साहू,प्रभा साहू,सेवंती यदु,मोना पाठक,दीपका यदु,विशा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

वर्षा के जल को सहेजने मंथन, एसडीएम के साथ बैठक में पौधरोपण का संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददात

पाटन,28 जून। नगर पंचायत पाटन में गुरुवार को वर्षा जल का संरक्षण सहित, स्वच्छता, पौधरोपण सहित नगर सफाई सहित अन्य विषय को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम दीपक कुमार निकुंज, सीएमओ सौरभ बाजपेई सहित नगर के व्यापारी, जनप्रतिनिधि सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान शासन से मिले दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित सभी नागरिकों ने सुझाव भी मांगे गए। सर्व सर्व प्रथम बैठक में उपस्थित नागरिकों को सीएमओ सौरभ बाजपेई ने बैठक के विषय पर प्रकाश डाला। इसके बाद एसडीएम दीपक कुमार निकुंज ने शासन से मिले निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने बताया की वर्षा ऋतु शुरू हो गया है। अभी वर्षा के जल को संरक्षित करने विषय पर चर्चा हुई। सभी दुकानदारों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए अपील किया गया। इसके। अलावा सभी शासकीय भवन में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के निर्देश भी दिए। जो पहले से बना है उसका संधारण करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा नगर के हरियाली बनाए रखने के लिए बड़े स्तर पर पौधरोपण किए जाने का निर्णय लिया। इस कार्य में नगर के नागरिकों का भी सहयोग की अपील किया गया। नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष होरी लाल देवांगन साप्ताहिक बाजार में जो सब्जी व्यापारी आते है उनके द्वारा सड़े गले सब्जी को फेंक दिया जाता है जिससे गंदगी फैली रही है। इस पर एसडीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया की सफाई के लिए मुनादी कराए। जो सब्जी बेचने वाले निर्देश का पालन नहीं करेगा उन पर चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही नगर के साफ सफाई को लेकर भी नागरिकों से विचार मांगे गए। सूखा कचरा गीला कचरा को अलग अलग रखने की अपील किया गया। बारिश के समय मलेरिया डेंगू फैलने का ज्यादा खतरा रहता है जिससे बचने उपाय करने नागरिकों से मदद मांगी गई। कूलर में पानी जमा न हो इसके लिए भी प्रचार प्रसार कर नागरिकों को जानकारी देने के लिए निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम दीपक कुमार निकुंज, सीएमओ सौरभ बाजपेई, पार्षद योगेश निक्की भाले, उपयंत्री थानेश्वद वर्मा, जयंत शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष होरी लाल देवांगन, हर्ष भाले, श्रीकांत देवांगन, शरद वर्मा, केवल देवांगन सहित अन्य मौजूद रहे।

कलेक्टर ने दुल्लापुर प्रकरण में यादव समाज के आवेदन को संवेदनशीलता के साथ संज्ञान में लिया

कवर्धा,28 जून। कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा दुल्लापुर (रानीसागर) के जमीन प्रकरण के संबंध में यादव समाज के द्वारा सौपे गए आवेदन को पूरी संवेदनशिलता से साथ सुना गया और इस संबंध में समाज को न्याय संगत कार्यवाही के लिए आश्वासन भी दिया गया। कलेक्टर के निर्देश पर कवर्धा एसडीएम श्री अनुपम टोप्पों द्वारा आवदेक मिलन यादव के घर दुल्लापुर पहुंच कर उनके जमीन से संबंधित रिकार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई। कलेक्टर द्वारा यादव समाज द्वारा सौंपे गए आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अवगत कराया गया कि मिलन यादव के विरूद्ध तहसील कवर्धा अंतर्गत न्यायालय नायब तहसीलदार कवर्धा वृत्त छिरहा में राजस्व प्रकरण के आदेश पर स्टे लगाया गया है। आवेदक को यह भी अवगत कराया गया कि सन 1990 जनवरी को ग्राम दुल्लापुर के अंतर्गत सोनपूरी माईनर के सब माईनर में भू-अर्जन के तहत भूमि अर्जित किया जा चुका है एवं अर्जित भूमि के कुल खसरा नंबर 32 कुल रकबा 2.80 एकड़ निजी भूमि जिसका भू-अर्जन, अधिनियम के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा कार्यपालन यंत्री सिंचाई संभाग कवर्धा के नाम पर अर्जित किए जाने का अधिनिर्णय (अवार्ड) पारित किया गया है तथा संबंधित भूमिस्वामियों को स्वीकृत मुआवजा राशि शासन द्वारा प्रदाय की जा चुका है।

ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित भूमि से हटाया अतिक्रमण

भिलाई, 28 जून। जोन क्रमांक 4 अंतर्गत हल्का औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में ग्रीन बेल्ट हेतु आरक्षित भूमि पर देवांगन होटल के संचालक द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था। आयुक्त नगर निगम भिलाई के पास मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा पत्र प्राप्त हुआ था। जोन के राजस्व अधिकारी तोड़फोड़ दस्ते के साथ मौके पर पहुंच कर देवांगन होटल को खाली कराकर जगह को रिक्त किया गया। कार्यवाही के दौरान होटल के संचालक के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसे थाना जामुल प्रभारी के साथ पुलिस बल द्वारा हटाया गया। पत्र के माध्यम से सूचना मिली थी कि मेसर्स पॉली ब्रांड इंसुलेशन प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट क्रं. 37/ए-बी-सी के आस पास की ग्रीन बेल्ट हेतु आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। आस पास के व्यापारी प्रतिष्ठानो द्वारा भी धीरे धीरे अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। वहां पर अलग से शेड व रूम बनाकर जगह को घेर लिए थे। जिसे नगर निगम का तोडू दस्ता पुलिस के मौजुदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इसी दौरान शिकायत मिली थी कि जोन क्रमांक 3 अंतर्गत सियान सदन के बगल के हिस्से में नवउदय विद्यालय द्वारा दरवाजा खोल कर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था, उसे भी हटाया गया।

विधायक रिकेश ने की सिंगर के टैलेंट की कद्र, भेंट किया मोबाइल और स्पीकर

भिलाई, 28 जून। छत्तीसगढ़ के जिला दुर्ग के पाटन की बेटी मालती निषाद ने दुनिया भर में अपनी आवाज का लोहा मनवाया है। आपको बता दें कि अभिनेता सोनू सूद से लेकर कुमार विश्वास समेत देशभर की बड़ी हस्तियों ने मालती के गाए गीत के वीडियो को विगत दिनों शेयर किया था। मालती अपने माता-पिता के साथ खेत में बैठकर यह गाना गाया था। जिसे देश? भर के संगीत प्रेमियों की सराहना मिल रही है। विधायक रिकेश सेन ने यह वीडियो देखते ही मालती से फोन पर बात की थी और आज मालती से किए वायदे के अनुसार विधायक रिकेश सेन सीधे जा पहुंचे पाटन मालती के गांव ठकुराईनटोला। गांव पहुंचते ही विधायक रिकेश सेन ने मालती के टैलेंट को सराहा और मालती से मुलाकात कर उसे बधाई दी। श्री सेन ने मालती के रियाज के लिए एक साउंड बॉक्स, स्पीकर और स्मार्टफोन भी भेंट किया है। विधायक रिकेश की इस पहल को देख मालती की आंखों में आंसू आ गए और निषाद परिवार भी अपने घर में पहुंचे विधायक को देख भावुक हो गया।

प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त, दोबारा मिलने पर जुर्माना दो गुना

रिसाली। शहर को पॉलीथिन से मुक्त करने नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा अभियान चला रही है। गुरुवार को मुख्य मार्ग पर चलने वाले ठेले खोमचे में दबिश दी। फुटकर व्यापारियों से 5 किलो प्रतिबंधित कैरी बैग जब्त कर 1500 जुर्माना राशि वसूल की गई। राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि पॉलीथिन का उपयोग करने वाले फुटकर और अन्य व्यापारियों को समझाईश दी जा रही है, कि वे प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करे। बुधवार को निगम के उड़न दस्ता टीम ने जोहार चैक से डीपीएस चैक तक सड़क किनारे लगने वाले नाश्ता ठेलों की जांच कर पॉलीथिन जब्त किया गया। जब्त पॉलीथिन की मात्रा लगभग 5 किलोग्राम है। प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करने के साथ ही प्रत्येक फुटकर व्यापारियों से 200-200 रुपए जुर्माना वसूल भी किया गया। कार्रवाई के लिए बनी टीम में टिकेन्द्र वर्मा, सुरेश देवांगन, अमित चंद्राकर, बिरेन्द्र देशमुख, मंगल कुर्रे शामिल थे। राजस्व विभाग प्रभारी ने बताया कि सामान को पेपर बैग या फिर रिसायकल होने वाले पॉलीथिन के बैग में देने की अपील की है। प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर जुर्माना राशि दो गुना अधिक वसूली की जाएगी। निगम कर्मी पहली बार जुर्माना देने वाले फुटकर व्यापारियों को सूचीबद्ध भी कर रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम द्वारा चलाए जा रहे पॉलीथिन मुक्त अभियान की प्रशंसा की।

ग्राम अखरा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

पाटन,28 जून। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला अखरा पाटन में नवागंतुक विद्यार्थियों का विद्यालय प्रवेश कराया एवं पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया साथ ही साथ तिलक एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जिसमे प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वय बीरेंद्र वर्मा, राजेंद्र यादव ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित किया जिसमे केदार कश्यप, कृष्णा चंद्राकर, टोकेश्वर वर्मा, सीताराम देवांगन, गंगाराम निषाद, श्रीमती राजेश्वरी वर्मा एवं मातृशक्ति पालक गण एवं पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक गोपेन्द्र साहू, प्राथमिक संतोष वर्मा, मनोज वर्मा, चंचल द्विवेदी, देवेंद्र साहू, राजेश्वरी वर्मा, नीलिमा नेताम, अलका मंडावी, विद्या सागर, विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

तिलक लगाकर पहले स्वागत, फिर गणवेश और पुस्तक का वितरण

रिसाली ,28 जून। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में संचालित सभी शासकीय विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। निगम के अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के स्कूलों तक पहुंचे। प्रधान पाठक व शिक्षकों की उपस्थिति में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं राज्य शासन से मिलने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे रूआबांधा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक, सहायक अभियंता आर. के. जैन व प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा रिसाली प्राथमिक विद्यालय, सहायक अभियंता एम.पी. देवांगन व राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा स्टेशन मरोदा और जनसंपर्क विभाग के प्रभारी अधिकारी अश्वनी देशमुख नेवई प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने कहा जापान जाने सामान पैक कर लीजिए, हम आपको भेजेंगे टोक्यो

रायपुर, 28 जून। राजनांदगांव से आई दमयंती सोनी 61 साल की हैं और छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी महिला हैं जो जेसीबी चलाती हैं। वे न केवल फर्राटे से जेसीबी चलाती हैं अपितु देश भर

के एक्सपो में इन्हें भाग लेने के लिए बुलाया जाता है। ऐसे ही जापान से इन्हें बुलावा आया है लेकिन कुछ आर्थिक दिक्कतों की वजह से एक्सपो में देश शामिल नहीं हो पा रही। अपनी दिक्कत उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि आप छत्तीसगढ़ का नाम देश भर में रोशन कर रही हैं। आप सामान पैक करें, सरकार आपको जापान भेजेगी। आप तैयारी करें। दमयंती ने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बहुत अच्छा लगा। वर्ष 2012 में पति के निधन के बाद से वे जेसीबी चला रही हैं। उन्होंने देश भर में अनेक एक्सपो में भाग लिया है और अनेक कंपनियों के साथ इस संबंध में काम कर रही हैं। 61 साल की दमयंती ने कहा कि अगले 4 साल तक वे जेसीबी चलाती रहेंगी। मुख्यमंत्री ने दमयंती की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए रोलमॉडल हैं। जनदर्शन के माध्यम से आपसे मुलाकात हुई है। आप ऐसे ही महिलाओं को प्रोत्साहित करते रहिए।

रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 3 जुलाई को

राजनांदगांव 28 जून। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 3 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से बीएसीएस एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड कोसा नाला टोल प्लॉजा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा एचआर (ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव), असिस्टेंट व डिप्टी मैनेजर व मैनेजर, ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव (बिजनेस डेव्हलपमेंट), कारपेंटर (केवल पुरूष), फिटर (केवल पुरूष), मेशन (केवल पुरूष), वेल्डर (केवल पुरूष), ग्राईन्डर, स्ट्रक्चरल वेल्डर, स्ट्रक्चरल फिटर, रिगर (केवल पुरूष), इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, लेबर, स्टोर ऑफिसर, बार बेंडर, गैस कटर, असिस्टेंट ऑपरेटर तथा एवं सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस।

रामभक्तों की सेवा से छत्तीसगढ़ हुआ धन्य : मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ की सेवा समितियां ने 60 दिनों में देश भर के 4 लाख रामभक्तों को श्रद्धापूर्वक कराया भोजन

रायपुर 28 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे छत्तीसगढ़ के सभी रामसेवकों का आज शाम अपने निवास परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री साय ने सभी रामभक्त 6 समितियों को शाल श्रीफल और श्री रामलला की धातु की मूर्ति भेंटकर उनको सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे प्रभु श्री रामलला दर्शन अभियान समिति के अंतर्गत सभी 6 समितियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी समितियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के विराजित होने के साथ ही रामभक्तों की 500 सालों की मनोकामना पूर्ण हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि प्रभु श्रीराम का ननिहाल हमारा छत्तीसगढ़ है और हम भांचा के रूप में श्री राम को पूजते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के इन 6 समितियों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि ये समितियां स्वमेव प्रेरित होकर अयोध्या पहुंची और पूरी सेवाभाव के साथ वहां दर्शन करने आ रहे लगभग 4 लाख श्रद्धालुओं को पूरे 60 दिनों तक भोजन कराया। यह छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ से अयोध्या में रामभक्तों के लिए चावल, सब्जी और डॉक्टर की टीम भेजी गई थी मैं उन टीमों को भी सराहना करता हूं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालुगण अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के दर्शन के बाद वाराणसी और प्रयागराज का दर्शन कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ से अब तक 8 आस्था स्पेशल ट्रेनें रवाना हो चुकी है और 11 हजार रामभक्तों ने प्रभु श्री रामलला का दर्शन लाभ लिया है। इस अवसर पर विधायक और अयोध्या दर्शन समिति के संयोजक श्री धरम लाल कौशिक ने सभी समितियों की सेवाभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सम्मान की बात है कि सभी 6 समितियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ रामभक्तों की सेवा की है। इस दौरान अयोध्या दर्शन समिति के सदस्यगण विधायक श्री संपत लाल अग्रवाल और श्री विरेंद्र श्रीवास्तव के साथ ही श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, श्री रामलखन पैंकरा एवं श्री ललित माखीजा मौजूद थे।

रेत के अवैध उत्खनन से मुड़पार क्षेत्र का जलस्तर नीचे उतरा

- शासन प्रशासन व राजनीतिक दल जब्त रेत के उठाव के तकनीकी पहलुओं में उलझे
- आम ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई की सराहना की
- रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण और विक्रय को लेकर गांव में आपसी तनाव से चिंतित दिखे ग्रामीण
- गांव में शांति हेतु नदी- नाले के रेत की नीलामी का प्रस्ताव प्रशासन के समक्ष रखा गया था - सरपंच प्रतिनिधि
- अनियंत्रित रेत उत्खनन से क्षेत्र का जलस्तर प्रभावित हो रहा है - ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी

डोंगरगढ़,28 जून■ तरुण छत्तीसगढ़



अनियंत्रित रेत खनन के कारण मुड़पार क्षेत्र स्तिथ नदी नाले के किनारों का क्षरण हो रहा है। जिससे क्षेत्र का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है व नदी नाले के किनारे कृषि कार्य करने वाले किसानों की भूमि को अत्यधिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा जैव विविधता को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उक्त विचार प्रकट करते हुए क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी राहुल गौतम ने ग्रामीण जनों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दल व शासन – प्रशासन क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण व जप्त रेत के उठाव के तकनीकी पहलुओं पर आपस में उलझे हुए हैं। लेकिन आम ग्रामीण प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि विगत अनेक वर्षों से रेत के अवैध उत्खनन को लेकर शासन प्रशासन के समक्ष प्रमुखता के साथ संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की चिंता से अवगत कराया गया था। किंतु रेत माफियाओं का दबाव इतना था कि राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी आर्थिक लाभ के लिए उनके इसारे पर कार्य करते आ रहे थे।

रेत माफियाओं द्वारा संग्रहित की गई रेत को जप्त कर प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है – ग्राम प्रमुख

ग्राम मुड़पार के ग्राम प्रमुख रामचंद्र चौधरी ने प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान बताया कि प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन करने वालों के खिलाफ जो कार्रवाई की है उसकी सभी ग्रामीण जन तारीफ कर रहे हैं। इसके पूर्व अनेक मर्तबा कार्रवाई की गई लेकिन वह करवाई मात्र दिखावा साबित हुई। प्रशासन द्वारा की गई ठोस कार्रवाई से रेत माफियाओं को सबक के साथ - साथ भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।इसके पूर्व गांव में रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण एवं विक्रय को लेकर हमेशा विवाद की स्थिति बने रहती थी। रेत के अवैध उत्खनन से जलस्तर भी प्रभावित हुआ है। इस वर्ष गर्मी में कुएं का पानी सूख गया और अनेक बोर से पानी आना बंद हो गया है।

गांव में शांति हेतु रेत के नीलामी की मांग की गई थी – सरपंच प्रतिनिधि – ग्राम मुड़पार के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर दिन ठाकरे ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन संग्रहण और विक्रय को लेकर गांव में हमेशा तनाव की स्थिति बने रहती है। जिसे लेकर वर्ष 2023 में आम सहमति से पंचायत की ओर से प्रशासन को नदी नाले की रेत की नीलामी करने का सुझाव दिया गया था। जिस पर आज पर्यंत कोई ध्यान नहीं दिया गया। कुछ वर्ष पूर्व अत्यधिक विवाद होने पर पुलिस की मदद से ग्रामीण और रेत के व्यापारियों के मध्य समझौता कराया गया था। जिसके तहत ग्रामीणों को कम दर पर रेत उपलब्ध कराई जा रही थी। कुछ दिन सब कुछ ठीक चला, किंतु फिर वही स्थिति निर्मित हो गई।

अनियंत्रित रेत उत्खनन से क्षेत्र का जलस्तर प्रभावित हो रहा है – ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी– मुड़पार क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी राहुल गौतम का मानना है कि,क्षेत्र का जलस्तर नीचे जाने से कृषि कार्य प्रभावित होंगा।जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा अनियंत्रित रेत खनन के कारण मुड़पार क्षेत्र स्तिथ नदी नाले के किनारों का क्षरण भी हो रहा है। जो भविष्य में किसानों एवं आम जनों के लिए नुकसानदायक होगा।

पूर्व में भी हो चुकी है कार्यवाही– ग्रामीणों ने बताया कि कोरोना काल के पहले भी मुड़पार में डोंगरगढ़ राजस्व टीम के द्वारा गाँव के सड़क किनारे सैकड़ो ट्रिप रेत की जप्ती कार्यवाही कर माइनिंग व कलेक्टर को प्रेषित किया गया था परंतु माह भर के अंदर ही जप्त रेत की चोरी कर ली गई जिससे राजस्व को लाखों का नुकसान हुआ था।

नक्सलियों के जंगल में छिपा कर रखे राशन एवं खाद्य सामग्री सहित दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद

नगरी,28 जून (तरुण छत्तीसगढ़)। माओवादियों द्वारा एकत्र कर छिपा के रखे 3 डम्प बरामद किया है,डम्प में राशन चायपत्ती सोलर प्लेट एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त, ग्रामीणों को डरा-धमकाकर लेवी एवं राशन की वसूली धमतरी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही किया गया है, बता दें धमतरी में वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली कि माओवादियों द्वारा ग्रामीणों को डरा-

धमकाकर लेवी एवं राशन को इकट्ठा किया गया है और इसको गड्ढा व सुरंग खोदकर डम्प किया है। यह सूचना मिलने पर डीआरजी धमतरी एवं सीआरपीएफ 211वी वाहिनी को विशेष नक्सल सर्च अभियान पर दिनांक 22-06-2024 को रवाना किया गया। 05 दिवस तक चले इस अभियान में तीन अलग-अलग जगह यथा टापरापानी (कोण्डागांव-धमतरी सीमा), एकावरी (थाना बोरई) एवं मुंहकोट (थाना खल्लारी के जंगलों से माओवादियों द्वारा डम्प की हुई राशन एवं खाद्य सामग्री इलेक्ट्रिकल उपकरण एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। यह सामग्री माओवादियों द्वारा बड़े-बड़े गड्ढे एवं सुरंग का निर्माण कर पत्तों से ढ़ककर छिपाई गई थ

कबीर जयंती धूमधाम से मनाई गई

राजनाँदगाँव ,28 जून (तरुण छत्तीसगढ़)। स्थानीय वार्ड क्र.01 बजरंगपुर नवाँगाँव में कबीर जयंती बडे ही धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का आयोजन नगर इकाई साहू समाज कबीरपंथी एवं वार्डवासीयों के द्वारा किया गया । रविकर साहेब महात्मा लेखचंद साहेब द्वारा दिव्य प्रवचन दिया गया बाहर आये अतिथी साहेब में विजय साहेब रविकर साहेब साध्वी सरोज द्वारा प्रवचन किया गया। सुरेश यादव एवं मंडली के द्वारा संगीतमय भजन

प्रस्तुत किया गया। महात्मा लेखचंद साहेब ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सदुरू कबीर साहेब का अतुलनीय योगदान रहा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथी मधुसुदन यादव पुर्व साँसद थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष अनिल साहूष्थे । फिर भोजन प्रसादी और चौका आरती का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से संयोजक धंसूराम साहू, सह-संयोजक लेखराम साहू, कोषाध्यक्ष राहूल साहू समाज के अध्यक्ष अनिल साहू, सचिव अनूप साहू, महिला अध्यक्ष, चन्द्रप्रभा साहू, युवा अध्यक्ष खिलेन्द्र साहू तोरण साहू भिषम साहू,कमलेश्वरी साहू,दिलेश्वरी, राजेश्वरी साहू कौशल साहू, मोहनी साहू,लीला साहू ममता साहू सुरेन्द्र साहू, थानूराम साहू, दुलेश्वर साहू,योगेश साहू,लोकेश साहू,गोपाल राम,ष्शंभूराम,लेखराम,प्रेमलाल नंदलाल, कुलेश्वर,नारद लाल,हिरासिंग,डोमन, रामकृष्ण,मानसिंग, रामकुमार, धीरज,कमलकिशोर,सचिन, जयेश, रूपचंद,गोदावरी साहू,लक्ष्मी साहू शोभा साहू, चित्ररेखा साहू एवं भारी संख्या में कबीरपंथी वार्डवासी उपस्थित कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेन्द्र साहू ने किया । उक्त जानकारी समाज के मिडिया प्रभारी योगेश साहू ने विज्ञप्ति में दी।

एचडीएफसी बैंक ने एमएसएमई को विशेष ज्ञान सत्रों के साथ सशक्त बनाया

रायपुर,,28 जून (तरुण छत्तीसगढ़)। विश्व एमएसएमई दिवस से पहले आज भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों में व्यवसायों को प्रोत्साहन दिया जा सके। अभियान का उद्देश्य विभिन्न बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं, एमएसएमई के लिए सरकारी नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना और उन्हें अपने व्यापारिक व्यवहार में डिजिटलीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अभियान के हिस्से के रूप में, बैंक कार्यशील पूंजी ऋण, व्यवसाय ऋण, व्यवसाय कार्ड, व्यापार सेवाओं और दुकानदार ओवरड्राफ्ट पर कई तरह के ऑफर प्रदान करेगा। बैंक एचडीएफसी स्काई, एचडीएफसी एर्गो, निवा बूपा जनरल इंश्योरेंस, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस और आदित्य बिरला जनरल इंश्योरेंस सहित अन्य के साथ साझेदारी में वर्चुअल और ऑन-द-ग्राउंड नॉलेज सेशन भी चलाएगा। व्यवसायों के डिजिटल परिवर्तन पर आधारित ये सत्र निम्नलिखित 15 शहरों इंदौर, सूरत, रुड़की, नासिक, लुधियाना, रायपुर, देहरादून, कोयंबटूर, वाराणसी, विजाग, पटना, नागपुर, कानपुर, हुबली और गुवाहाटी में होंगे, जहां 1,000 से अधिक छोटे और मध्यम व्यवसायों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर, बैंक ने एमएसएमई को अपने बैंकिंग पार्टनर के रूप में एचडीएफसी बैंक पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद देते हुए एक विशेष फिल्म जारी की है।

आरडीए के ऑन लाइन पेमेन्ट की शुरुआत

रायपुर, 28 जून। रायपुर विकास प्राधिकरण के इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 के फ्लैट्स के निवासी अब जलशुल्क का भुगतान ऑनलाईन कर सकेगें। आवास एवं पर्यावरण की सचिव सुश्री आर. शंगीता की उपस्थिति में आज इसका प्राधिकरण कार्यालय में शुभारंभ किया गया। इससे अब इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेस-2 के फ्लैट्स के निवासियों को जलशुल्क जमा करने के लिए प्राधिकरण कार्यालय आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसका भुगतान रायपुर विकास प्राधिकरण के रिकॉर्ड अनुसार दिए गए मोबाइल नंबर से ओटीपी प्राप्त कर लॉगिन करने के उपरांत किया जा सकेगा। राशि का भुगतान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और यूपीआई से किया जा सकेगा। रायपुर विकास प्राधिकरण में आज संचालक मंडल की बैठक हुई। इसमें देवेन्द्रनगर स्थित सिटी सेन्टर मॉल के पीछे एकता मॉल निर्माण के लिए निविदित दर स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के सेक्टर 1,2,8ए,8बी,10,11बी,14ए एवं 14बी में 253 दो बीएचके ईडब्लूएस फ्लैट्स तथा रो हाऊस निर्माण कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार का कार्य निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्ट (डीबार) करने का निर्देश दिया गया।

आप अपने राग को खत्म नहीं कर सकते तो उसका दायरा सीमित करो: विरागमुनि

रायपुर,28 जून। राजधानी की पावन धरा पर जिनवाणी की वर्षा शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में गुरूवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी का न्यू राजेंद्र नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय में आगमन हुआ और 8.45 बजे से लोगों ने प्रवचन का लाभ लिया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि राग का दायरा आप खत्म नहीं कर सकते तो उसे सीमित करने की कोशिश करो। हमें अपने राग को कमजोर करना है, जबकि हमें उसे ही मजबूत बना रहे है। दिन ब दिन हमारा राग बढ़ता जा रहा है। इतना बढ़ता जा रहा है, जिसे हम गिन नहीं पा रहे है और वह हमारी गणना से बाहर हो चुका है। आज जो भी हमारे साथ हो रहा है, वह हमारे भूतकाल के कर्मों के आधार पर हो रहा है। आज हमें मनुष्य का जीवन मिला है तो हमें इसका पूरा उपयोग करना चाहिए और धर्म करके हमें मोक्ष को प्राप्त कर लेना चाहिए क्योंकि ऐसा मौका फिर ना जाने कब आएगा। मोक्ष पाना केवल और केवल मनुष्य के हाथ में होता है। यह भगवान के हाथ में नहीं है अगर वह उसके हाथ में होता तो वह सभी जीवों को मोक्ष प्रदान कर देता।

मुनिजी ने कहा कि मोक्ष तो सभी को चाहिए ही चाहिए लेकिन कम कोई करना नहीं चाहता। अब हमें यह तय करना है कि हमें अपने जीवन में करना क्या है। हम ऐसा क्या करें की अपनी नजरों में तो कम से कम ना गिरे। दूसरों की नजरों में गिर जाए तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन अपने नजरों में हमें नहीं गिरना है ऐसा हमें काम करना है। उन्होंने आगे कहा कि आज हमने जो चोला पहन रखा है वह बाहर से तो इंसान का है पर अंदर किसी शैतान का वास है। आज अच्छा कोई नहीं बनना चाहता सब अच्छा दिखना चाहते हैं। उसके लिए व्यक्ति धार्मिक और सामाजिक कार्य करता है उसी के बारे में सोचता है और वैसे ही बात करता है ताकि लोग उसे अच्छा बोले। प्रवचन सुनने भी लोग जब मंदिर तक आते हैं उससे पहले वह अपना सब काम पूरा करके आना चाहते हैं ताकि कोई काम न छूटे और उनका टारगेट भी पूरा हो जाए उसके बाद वह धर्म की ओर बढ़ते हैं। जबकि धर्म के लिए समय आपको प्राथमिकता से निकलना चाहिए क्योंकि दिन भर आपके पास काम करने के लिए तो समय ही समय है। उन्होंने आगे कहा कि आपकी सारी चीज अच्छी और व्यवस्थित है लेकिन आप हमेशा परीक्षा में फेल हो जाते हो। ऐसा हमेशा चातुर्मास के समय देखने को मिलता है लोग तैयार तो रहते हैं लेकिन जैसे चातुर्मास शुरू होता है तो कुछ दिन बाद में फेल हो जाते हैं। आप अगर गाड़ी चला रहे हैं तो अगर सड़क पर चलते व्यक्ति को आप तोक दें और उसकी हड्डी टूट जाए तो उसके बाद सॉरी बोलने का क्या फायदा, उसकी हड्डियां तो टूट गई।

कांग्रेस पार्टी में कोई भी नेता हार की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है : शिवरतन शर्मा

रायपुर,28 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस की करारी हार को लेकर कल होने वाली समीक्षा बैठक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी अंदरुनी अंतर्कलह से अभी तक उबर नहीं पाई है। विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को उनके किए भ्रष्टाचार घोटाले के कारण छत्तीसगढ़ से बाहर उखाड़ फेंका है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली कल कांग्रेस के हार की समीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी आपसी गुटबाजी की वजह से पूरी तरह बिखर चुकी है। कांग्रेस पार्टी में केवल वन मैन शो चल रहा है। कहने को तो दीपक बैज कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं लेकिन कांग्रेस में दीपक बैज की चलती ही नहीं है। यह कांग्रेस में बढ़ती अंतर कलह को दर्शाता है और इसी के चलते दीपक बैज के ऊपर हार का ठीकरा फोड़ कर उसे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाने की साजिश हो रही है। कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण में भी भूपेश बघेल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मनमाने ढंग से विधानसभा चुनाव में टिकट का वितरण किया और यही स्थिति लोकसभा चुनाव में भी दिखाई दी, जब बस्तर से सांसद रहे कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का टिकट काटा गया। वहीं दूसरी तरफ, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने आला नेताओं को खुश करते हुए राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव तो लड़े लेकिन जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव की तरह ही शिकस्त दी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हार की जिम्मेदारी अभी तक कोई लेने को तैयार नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को अपनी कुर्सी बचानी है और भूपेश बघेल अपनी साख बचाने में लगे हैं। पहले कांग्रेस ने दीपक बैज का सांसद का टिकट काट दिया और अब हार का ठीकरा उसके सिर फोड़ कर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से भी हटाने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस में इतना नैतिक बल तो नहीं है कि हार के असली जिम्मेदार भूपेश बघेल पर कोई कार्रवाई कर सके, क्योंकि उनके ऊपर तो कांग्रेस की युवरानी प्रियंका वाड्रा का हाथ है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कोई भी नेता हार की जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं सब एक दूसरे के ऊपर हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं।

नये कानून अंतर्गत निर्धारित समय में होगा प्रकरणों का समाधान : कलेक्टर

राजनांदगांव 28 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को नये अपराधिक कानूनों के संबंध में जागरूकता हेतु जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। मीडिया के माध्यम से लोगों तक नये कानूनों के संबंध में जानकारी पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यत- पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए समय निर्धारित किया गया है। पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखा गया है। शीघ्र निराकरण होने से दोनों पक्षों के लिए राहत है। पीड़ित पक्षकार को ई-साक्ष्य, जीरो-एफआईआर, ई-एफआईआर से राहत मिलेगी। बहुत अच्छी मंशा के साथ नया कानून बना है। सभी नागरिकों को इसका फायदा मिलेगा। दोषी अपराधियों को सजा जल्दी मिलेगी। जिससे समाज में एक अच्छा प्रभाव एवं परिवर्तन दिखाई देगा। पीड़ित पक्ष को न्याय जल्दी मिलेगा। यह कानून सभी नागरिकों तक पहुंच सकें। इसके लिए लगातार जानकारी दी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से भारतीय दण्ड संहिता (आईपीसी) के स्थान पर तीन मुख्य कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। 150 वर्ष पूर्व कानून में बदलाव किया गया है तथा अलग-अलग धाराओं में सजा के लिए परिवर्तन किया गया है। कानूनों में एकरूपता लाने के लिए नया कानून लाया गया है। उन्होंने बताया कि 7 वर्ष से ज्यादा सजा की अवधि के अपराधों में न्याय दल गठित किया जाएगा तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बाद विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि

प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जप्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। इन कानूनों के संबंध में नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। पीड़ित पक्ष को न्याय समय पर मिले। पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। लोगों के लिए एक अच्छा कानून बनाया गया है, ताकि उन्हें सुविधा मिल सकें। पुलिस, विवेचक, प्रार्थी, गवाह, पीड़ित सबके लिए एक अच्छा परिवर्तन है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फॉर्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फॉर्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने जीरो-एफआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले प्रार्थी को संबंधित थाने में ही एफआईआर दर्ज करनी होती थी, लेकिन अब जीरो एफआईआर अंतर्गत प्रार्थी को बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज की जा सकती है। जांच करने के लिए एसडीओपी एवं सीएसपी लिखित में जांच करने के निर्देश देंगे। 14 दिवस में इसका निराकरण करना होगा। ज्यादातर अपराधों में समय पर चालान पेश होते हैं। उन्होंने बताया कि 90 दिवस से ज्यादा होने पर विवेचक को इसके संबंध में कारण बताना होगा और विवेचक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

संपादकीय

मोदी को चौथी बार भी तो हरा नहीं पाए राहुल गांधी...

केंद्र की राजनीति में राहुल गांधी नरेंद्र मोदी से सीनियर हैं। उनको केंद्र की राजनीति करते बीस साल हो गए हैं।जबकि नरेंदर मोदी को तो दस साल ही हुए हैं।नरेंद्र मोदी की तुलना राहुल गांधी के पास केंद्र की राजनीति का दोगुना अनुभव है।इस हिसाब से तो केंद्र की राजनीति में राहुल गाधी को नरेंद्र मोदी से ज्यादा कुशल होना चाहिए, ज्यादा चुनाव जिताने वनाला नेता होना चाहिए लेकिन वह कांग्रेस के सबसे ज्यादा चुनाव हारने वाले नेता हैं।खासकर केंद्र की राजनीति में तो पीएम मोदी ने जितनी जलदी सबकुछ सीखा, वह राहुल गांधी सीख नहीं पाए हैं। कांग्रेस व राहुल गांधी का सपना है नरेद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में हराना ।वह तीन लाकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को हरा नहीं पाए हैं।तीससे लोकसभा चुनाव में जाकर वह भाजपा को बहुमत से रोक पाए हं लेकिन सरकार बनाने से रोक नही पाए हैं। मोदी की तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना उनकी दूरदर्शितता का परिणाम है। दो बार वह बहुमत से सरकारब बनने पर भी ए?डीए को बनाए रखा.दूसरा नेता होता तो सोचता क्या जरूरत है, हमं जो जनता बहुमत दे रही है।तीसरी बार भाजपा को बहुमत नहीं मिला तो यही एनडीए नरेद्र मोदी के काम आया।अपनी दूरदशिर्ता के कारण नरेंद्र मोदी पार्टी का राज्यो में विस्तार कर रहे हैं तथा केंद्र की राजनीति में भी अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुए हैं। राहुल गाधी में यह दूरदशिर्ता नहीं है, इसलिए वह राज्यों में कांग्रेस को मजबूत नहीं कर पा रहे हैं और केंद्र की राजनीति में भी अपनी स्थिति को मजबूत नहीं कर पाए हैं। राहुल गांधी दूरदर्शी होते तो वह नीतीश कुमार चंद्रबालू नायडू के महत्व को समझ जाते। यह दोनों इंडी गठबधन में होते तो क्या मोदी की सरकार तीसरी बार बन पाती। पीएम मोदी की तीसरी बार सरकार बनी है तो चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार के कारण। राहुल गांधी तीसरी बार मोदी को हराने के लिए नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू का उपयोग नहीं कर सके। इसलिए तीसरी बार भी उनको हार का सामना करना पड़ा और चौथी बार भी हार का सामना करना पड़ा। तीसरी बार हार का सामना लोकसभा चुनाव में करना पड़ा तो चौथी बार हार का सामना लोकसभा स्पीकर के चुनाव मे करना पड़ा। राहुली गांधी तो नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू का महत्व तब समझ में आया जब मोदी खेमें में चले गए थे। नीतीश कुमार तो उनके साथ ही थे, उनको चंद्रबाबू नायडू को अपने खेमे चुनाव के पहले ले आना था। यही नहीं कर सके राहुल गांधी . ऐसा सोच पाते राहुल गांधी तो बिहार,आंध्र में कांग्रेस की साझा सरकार होती और दिल्ली में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार होती।राहुल गांधी के पास पीएम मोदी को हराने का एक अचछा मौका लोकसभा चुनाव में स्पीकर का चुनाव भी था।यहां भी राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा। इसके लिए वह खुद दोषी है।वह एनडीए को कमजोर गठबंधन कहते रहे, एनडीए की सरकार को कमजोर कहते रहे लेकिन अपने गठबंधन को मजबूत बनाने व दिखाने में राहुल गांधी सफल नहीं हो सके।वह 99 सीटें जीतने पर ही मान बैठे के विपक्ष के सारे दल उनकी बात मानने के लिए मजबूर हैं। कांग्रेस जो फैसला करेगी, उसे सभी दल मानेंगे ही। के,सुरेश को स्पीकर चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाने का फैसला खुद ही कर लिया. गठबंधन के सीनियर नेताओं से बात नहीं की। इसी का खामियाजा लोकसभा चुनाव में स्पीकर चुनाव में हार के रूप में भुगतना पड़ा और इंडी गठबंधन के एकजुट व मजबूत होने की पोल भी खुल गई। संसद के भीतर भी राहुल गांधी विपक्ष को एकजुट नहीं कर पाए, आपातकाल के निंदा प्रस्ताव पर कांग्रेस का रुख कुछ था तो सपा का रुख कुछ और था। वोटिंग पर कांग्रेस का रुख कुछ था तो टीएमसी का रुख कुछ और था।। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अब यह राहुल गांधी की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष को संसद के भीतर व बाहर एकजुट रखे।

गंभीर मुद्दा

किशन सनमुखदास भावनानी

भारत में पेपर लीक मामले-अब बातें नहीं शैक्षणिक बुलडोजर की जरूरत

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता का डंका कहीं हमारे आगे की पीढ़ियों में कम ना हो जाए, इसकी आशंका बुद्धिजीवी वर्ग व्यक्त कर रहे हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षो से जिस तरह पेपर लीक मामले आ रहे हैं, उसे यह अंदेशा साफ लगाया जा सकता है कि,अब अपात्र असक्षम व अयोग्य व्यक्तियों की घुसपैठ बड़ी मात्रा में बड़े-बड़े सरकारी गैर सरकारी व प्रोफेशनल व्यवसाय में हो रही है जो स्वाभाविक ही प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक क्षमता के डंके को चोट पहुंचा सकती है। क्योंकि यदि आरोग्य लोग डॉक्टर इंजीनियर आईआईटी सिविल सविर्सेज सहित अन्य उपाधियां लेकर आ आएंगे तो स्वाभाविक रूप से उनका परफॉर्मेंस अपेक्षाकृत नहीं होगा वैश्विक मानकों पर खरा नहीं उतरेगा तो भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होगी, जिसका सीधा प्रभाव विजन 2047 पर पड़ेगा, इसलिए अब समय आ गया है कि इन पेपर लीक माफियाओं की नकेल अति सख्ती से कसी जाए,इसके लिए मेरे विचार में यह सुझाव आ रहे हैं, जिनपर संभव हो तो सरकारों द्वारा विचार किया जा सकता है।(1) पेपर लीक मामले पर भी बुलडोजर नीति अपनाना (2) हर राज्य में यूपी पेपर लीकअध्यादेश मॉडल कानून करना (3) फास्ट ट्रैक कोड बनाना जो तीन माह में सुनवाई कर फैसला दे (4) यह फैसले की फास्ट ट्रैक कोर्ट, सभी अपीलीय कोर्टों व प्राधिकरण में करना (5) शिक्षा माफियाओ को चिन्हित कर उनकी चैनल को तोड़ना (6) पेपर के सब्सडायरी चैनलो जैसे ट्रांसपोर्टेशन भंडारण वितरण को अति सख्त करना (7)पेपर मॉडल बनाने वालों का चयन अति सुचिता योग्यता व तकनीकी सुरक्षा से करना (8) अल्टरनेट पेपर सेटों की संख्या में वृद्धि करना (9) शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों की छिपी अघोषित संपत्तियों का संज्ञान लेकर कार्रवाई की सिफारिश करना (10) पेपर लीक आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धाराएं लगाना सहित इससे भी सख्त कारर्वाई के सेक्शंस को जोड़ा जा सकता है।यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मेरी जानकारी में शायद है पहली बार हो रहा है कि माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा 27 जून 2024 को संसद के संयुक्तसत्र में अपने संबोधन में पेपर लीक का मुद्दा उठाया है व कार्रवाई की बात कही है, जो पूरी दुनिया ने सुनी है। इसलिए मेरे उपरोक्त सुझावों पर गौर करने की अपेक्षा में करता हूं, तथा सबसे अहम बात आरोपियों को न्यायिक प्रणालियों में लंबा समय मिल जाता है जो उनके छूट/एक्यूटल या वह मामला रफादफा होने का प्रमुख कारण बन जाता है इसलिए निचली कोर्ट से लेकर ऊपरी कोर्ट तक इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में निपटना व अपीलीय कोर्ट व प्राधिकरण सहित अधिकतम तीन माह में फैसले पर विचार करना होगा। चूंकि आज संसद के दोनों सत्रों में राष्ट्रपति के संबोधन में पेपर लीक का मामला गूंजा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत में पेपर लीक मामले अब बातें नहीं शैक्षणिक बुलडोजर चलाने की जरूरत है तथा फास्ट्रेक कोर्ट में तीन माह में फैसले की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 27 जून 2024 को संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन में पेपर लीक मामले पर बोलने की करें तो, संयुक्त अभिभाषण के दौरान नीट पेपर लीक को लेकर बात की। इस दौरान विपक्ष ने जमकर शोर मचाया,उन्होंने कहा हमारी सरकार देश के हर युवा को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए सही माहौल बनाने में जुटी हुई है।राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने 'नीट-नीट' के नारे लगाए। इस दौरान राष्ट्रपति को विपक्षी सांसदों को सुनिए-सुनिए तक कहना पड़ा।राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, इनमें अगर किसी भी वजह से रुकावट आए तो ये उचित नहीं है। इन परीक्षाओं में शुचिता और पारदशिर्ता बहुत जरूरी है। पेपर लीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं हुईं, जिनकी निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमने कई राज्यों में पहले भी पेपर लीक की घटनाओं को होते हुए देखा है। इस मुद्दे पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी उपाय करने की जरूरत है। संसद ने परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों के खिलाफ एक सख्त कानून बनाया है। सरकार परीक्षाओं से जुड़ी संस्थाओं, उनके कामकाज, परीक्षा प्रक्रिया समेत सभी सुधार करने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रपति द्वारा पेपर लीक काजिक्र करने के दौरान विपक्ष जमकर नारेबाजी करते हुए नजर आया।राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 सालों में ऐसे हर अवरोध को हटाया गया है, जिनसे युवाओं को परेशानी रही है। पहले अपने सर्टिफिकेट को अटैच करने के लिए भटकना पड़ता था। अब युवा खुद ही ये काम कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ग्रुप-सी और ग्रुप डी भतिर्यों से इंटरव्यू को खत्म किया गया है। उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि संसद ने पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाया है। यह कानून 21 जून की रात से देशभर में लागू हो चुका है। नए कानून के तहत पेपर लीक करने या आंसर शीट केसाथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल की जेल और 10 लाखरुपये का जुर्माना हो सकता है। सरकार की तरफ से नए कानून का मकसद परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों को रोकना है। नए पेपर लीक कानून के दायरे में लोक संघ लोक सेवा आयोग, एसएससी, जेईई,नीट, सीयूईटी, रेलवे बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और एनटीए की तरफ से आयोजित सभी परीक्षाएं सख्ती साथ के कवर होंगी। साथियों बात अगर हम यूपी में लाए गए पेपर लीक संबंधी 2024 के नए अध्यादेश की करें तो यूपी में पेपर लीक की घटनाओं पर सरकार सख्त तेवर दिखाते हुए अध्यादेश लाई है, जिसके तहत पेपर लीक में दोषी पाए जाने पर एक करोड़ रुपये के जुर्माने से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है।सीएम के कड़े तेवरों ने साफ कर दिया है कि यूपी में पेपर लीक की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। अब परीक्षा में होने वाले खर्च की भरपाई भी सॉल्वर गैंग से वसूलने की तैयारी की गई है। इसमें दोषियों की संपत्ति तक को कुर्क किया जा सकता है।लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में कई भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ीके मामले सामने आएथे,जिसके बाद सीएम नकल माफियाओं के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का वादा किया था। चुनाव से ठीक पहले यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा तक को रद्द करना पड़ा था।विपक्षी दलों ने इसे चुनाव में बड़ा मुद्दा भी बनाया और इसका असर भी देखने को मिला।

साथियों बात अगर हम पेपर लीक मामले में 27 जून 2024 को पूरे देश में आक्रोश की करें तो मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर देशभर में आक्रोश है। छात्र सड़कों पर उतरकर सिस्टम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में कई याचिकाएं भी लगाई गई हैं।अब नीट पेपर लीक का मामला संसद में भी गूंजने वाला है। शुक्रवार (28 जून) को बड़ी पार्टी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन लोकसभा और राज्यसभा में नीट विवाद पर स्थगन प्रस्ताव लासकती है। पार्टी अध्यक्ष के आवास पर हुई इंडिया गठबंधन दलों की बैठक में ये फैसला लिया गया है।सरकारी सूत्रों ने कहा कि नीट मुद्दे पर सीबीआई की जांच से लेकर स्पेशल कमिटी बनाने तक हर संभव कारर्वाई की गई है। कमिटी की रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है। साथ ही एंटी पेपर लीक कानून लागू होने से दोषियों के खिलाफ कड़ी कारर्वाई सुनिश्चित हो गई है। इससे एक मजबूत एजुकेशन सिस्टम की नींव भी रखी जा सकेगी। वहीं दूसरी ओर नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ता एनटीए के दफ्तर में घुस गए हैं। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए एनटीए के गेट पर अंदर से ताला लगा दिया।अब तक सीबीआई ने 6 में से 5 राज्यों में कुल 29 गिरफ्तारियां की हैं। बिहार के पटना से दो को आज गिरफ्तार किया गया है।मास्टरमाइंड फरार बताया जा रहा है। गुजरात से 5 गिरफ्तारियां हुई हैं। महाराष्ट्र के लातूर से दो को अरेस्ट किया गया है। झारखंड से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पश्चिम बंगाल से एक आरोपी को पकड़ा गया है। बता दें कि विवादनेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 5 मई को नीट (यूजी) एग्जाम करवाया था। परीक्षा में कुल 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। दूसरी ओर, 6 सेंटर में एग्जाम कराने में देरी हुई।समय की बर्बादी की भरपाई के लिए ऐसे सेंटरों में कम से कम 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स भी दिए गए, जो जांच के दायरे में हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राष्ट्रपति द्वारा संसद के संयुक्त सत्र को संबोधन में पेपर लीक की गूंज-' परीक्षा में सुचिता व पारदशिर्ता बहुत जरूरी।भारत में पेपर लीक मामले-अब बातें नहीं शैक्षणिक बुलडोजर की जरूरत फास्ट ट्रैक कोर्ट में तीन माह में फैसले कीजरूरत राष्ट्रपति के अभिभाषण में पेपर लीक मामले में कड़ीसजा सुचिता व पारदशिर्ता की प्रतिबद्धता सराहनीय-हर राज्य को सख्त कानून बनाना जरूरी है।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए संपत्ति मिलने का संकेत दे रहा है। आज परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने जायेंगे। आप यदि किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी होगी और आप दिल खोलकर निवेश कर सकते हैं। किसी नई संपत्ति को खरीदने का सपना पूरा होगा। यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

वृष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी। जो आगे चलकर आपके काम आयेगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। अपने आपको फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें। आज कोई भी बड़ा फैसला सावधानी पूर्वक लें। व्यापार के नजरिये से आपका काम अच्छा चलेगा। सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत लोगों को जल्द बेहतर समाचार मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बच्चे आज अपने मनपसंद ड्रेस की डिमांड करेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी ख़ास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज आय के नये-नये स्रोत भी आपको मिलेंगे। आज आप पूरे दिन ऊर्जा से भरे रहेंगे। आज अनावश्यक उलझन लेने से आप बचने का प्रयास करें। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आज आपके बच्चे किसी की मदद करेंगे, जिससे आपको उन पर गर्व होगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज स्वजनों से स्नेह बढेगा। आज खानपान में रूचि बढ़ेगी। जो लोग कोई कम्पूटर कोर्स ज्वाइन करना चाहते हैं उनके लिए समय अनुकूल रहेगा। कारोबारियों का काम पहले से बेहतर चलेगा। आपकी सेल में बढ़ोतरी होगी। बच्चों के साथ आज अपना समय बितायेंगे। लवमेट में हुई गलत फहमियां आज दूर होंगी।जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है।

सिंह राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज जानकार लोगों की सलाह मिलेगी। रियल स्टेट के कारोबारियों की आज कोई प्रॉपर्टी सेल हो सकती है। अगर आप वाहन लेना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपके मनचाहे कार्यों की पूर्ति होगी। आज घर में किसी बात को लेकर हर्षोल्लास का माहौल बन सकता है। किसी पर अधिक विश्वास करके अपनी निजी बातें शेयर न करें। आज आपकी कन्या को सफलता मिलने से घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए। छात्रों को आज अपने प्रोजेक्ट पूरा कर लेना चाहिए। आज आपका सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ सकता है। दैनिक कार्यों में आपको पूर्ण रूप से सफलता मिल सकती है। व्यापारिक दृष्टि से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है, कार्य की गति बढ़ेगी। आज दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं इस दौरान खान पान का ध्यान रखना होगा।

तुला राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ आपकी मीठी नोक-झोक होगी। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब मिलेगी। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमे सफलता अवश्य मिलेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छी सलाह मिल सकती है। आज ऑफिस में पार्टी कर सकते हैं। आज आप दोस्तों के साथ खूब इंजॉय करेंगे। स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी हद तक आराम मिलेगा। भूमि आदि से जुड़ा कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके आदर सत्कार में व्यस्त रहेंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको कोई नया व्यापार शुरू करने का मौका मिलेगा। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आज आपको मिल सकता है। आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। परिवार में किसी सदस्य को सफलता मिलने से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हे कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आज आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें।

मकर राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। आपको बिजनेस में बड़ी सफलता मिलने के योग दिख रहे हैं। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म काम करने का मौका मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको किसी व्यक्ति के कहने में आकर कोई निर्णय लेने से बचना चाहिए। आप किसी काम को करने से पहले उसके लिए सोच विचार अवश्य करें। आज आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे। कहीं निवेश करना चाहते है तो किसी अनुभवी की सलाह जरुर ले लें। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है, जीवनसाथी आज आपको उपहार देंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी उस एनर्जी को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आप किसी नई डील को फाइनल कर सकते हैं। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करने का मन बनायेंगे। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति और आर्थिक विकास की जुगलबंदी

संजीव ठाकुर

भारत के कृषि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है।

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अथर्शास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वतर्मान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सवोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निसंदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है,जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है,लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है ई गवर्नेंस वस्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदशिर्ता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके। विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की ददर्नाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में 'येन केन प्रकारेण' धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह 'सर्वे भवंतू सुखिनः' जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल

अभी कितने परिवार और उजाड़ेगी जहरीली शराब?

देश के कई हिस्सों में अवैध शराब के कारोबार से जुड़े धंधेबाज समय समय पर लोगों को मौत परोसने का काम करते हैं । हर साल हजारों लोगों की मौत अवैध शराब के सेवन से होने की घटनाएं सामने आ रही है लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने में पूरी तरह नाकाम साबित हुइ है। हाल ही में तमिलनाडु में अवैध शराब का कहर टूटा। कल्लाकुरिची जिले से सामने आए अवैध शराब के मामले में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। अब तक 57 लोग दम तोड़ चुके हैं, वहीं 156 लोगों का अब भी उपचार जारी है। जबकि, सात लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

शराब एक ऐसी बुराई है जिस पर रोक लगाई जानी चाहिए परंतु हमारी सरकारों ने इस ओर से आंखें मूंद रखी हैं। इसका कारण यह है कि हमारी सरकारें इसकी बिक्री से होने वाली भारी-भरकम आय को खोना नहीं चाहते क्योंकि सरकारें इसी के सहारे ही चलती हैं।

आज देश में शराब का सेवन लगातार बढ़ रहा है और अब तो समाज विरोधी तत्वों द्वारा नकली जहरीली शराब भी बनाई जाने लगी है जिसके इस्तेमाल से होने वाली मौतों के कारण बड़ी संख्या में महिलाओं के सुहाग उजड़ रहे हैं और बच्चे अनाथ हो रहे हैं। शराब वैध हो या अवैध दोनों ही स्वास्थ्य का नुकसान करती है। नकली अवैध शराब तो सीधे जहर पीना है लेकिन सस्ती के चक्कर में नशे के आदि लोग नकली अवैध शराब पीने से भी बाज नहीं आ रहे हैं इसी का परिणाम है कि आए दिन शराब पीने से लोगों की असमय मौत के मामले बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट बताती हैं 2022 में छपरा में नकली शराब पीने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें मास्टरमाइंड सहित पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इसके पूर्व बिहारशरीफ, गोपालगंज और बेतिया में नकली शराब पीने से मौत के मामले सामने आए थे।

26 जुलाई, 2022 को गुजरात के 'बोटाद' जिले में जहरीली शराब पीने से 18 लोगों की मौत और 45 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए।24 सितम्बर, 2023 को बिहार के मुजफ्फरपुर में जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत तथा 3 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई।

11 नवम्बर, 2023 को हरियाणा के यमुनानगर और अम्बाला में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई। 19 नवम्बर, 2023 को बिहार के सीतामढ़ी में जहरीली शराब पीने से 3 लोगों की मौत तथा 1 गंभीर रूप से बीमार हो गया। 22 मार्च, 2024 को संगरूर में जहरीली शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि कुछ लोग अंधे हो गए। 18 जून, 2024 को छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के 'कोटमेर' गांव में जहरीली शराब पीने से एक महिला सहित 3 लोगों की मौत हो गई। 18 जून, 2024 को ही तमिलनाडु के 'कल्लाकुरिची' जिले में 'पैकेट' और 'सैशे' के रूप में खरीदी जहरीली शराब पीने के कुछ ही समय बाद बड़ी संख्या में लोगों को दस्त, उल्टी आने, पेट दर्द और आंखों में जलन की शिकायत शुरू हो गई और फिर उनकी तबीयत बिगड़ती चली ग

शाला प्रवेशोत्सव में पहुंचे विधायक चैतराम अटामी

नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 28 जून। गुरुवार को बालूद और गीदम में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक चैतराम अटामी ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया 7 शाला प्रवेशोत्सव को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया 7 कार्यक्रम में नव प्रवेसी बच्चों को तिलक लगाकर,लड्डू खिलाकर,पुस्तक,गणवेश देकर विधायक चैतराम अटामी और अतिथियों द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के तहत स्वागत किया गया 7 विधायक चैतराम अटामी द्वारा वृक्षारोपण एवं छात्राओं को साइकिल वितरण भी किया गया 7 विधायक चैतराम अटामी ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा की प्रतिदिन समय पर स्कूल आना है,शाला परिसर में साफ़ सफाई रखना है,अच्छे से पढ़ लिखकर दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन करना है,अच्छे से पढाई करें और लक्ष्य निर्धारित कर खूब मन लगा कर पढ़ने के बाद डॉक्टर,इंजीनियर,कलेक्टर,वैज्ञानिक इत्यादि बन अनेको छेत्रो में अपने जिले तथा माता पिता का नाम रोशन कर गौरवान्वित करे। विधायक श्री अटामी ने पालकों से भी बच्चों को समय पर प्रतिदिन शाला भेजने हेतु आग्रह करते हुए कहा की शाशन और प्रशाशन छात्र छात्राओं के शिक्षा व्यवस्था को उच्चतम और सुगम बनाने हेतु संकल्प और लक्ष्य के साथ प्रयासरत है, छात्रों के भविष्य हेतु चिंतित है,छात्र देश का भविष्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार कैसे भारत को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाया जाये इस पर लगातार तीव्र गति से कार्य कर रही है हमारी सरकार के एजुकेशन सिटी,लाइवलीहुड कालेज और विभिन्न शैक्षणिक संस्थाए शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होते हुए विश्व पटल पर प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके है,इन सभी प्रयासों के कारण ही आज दंतेवाड़ा जिले जैसे संवेदनशील जिले के भी छात्रों का चयन आई ए एस,आई पि एस और आई एफ एस परीक्षाओ में हो रहा है जिससे दंतेवाड़ा जिला भी शिक्षा के छेत्र में गौरवान्वित हो रहा है >

तेन्दूपत्ता के नगद भुगतान से संग्राहकों के चेहरे पर आई मुस्कान

बीजापुर 27 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के बांस डिपो बीजापुर में तेंदूपत्ता सीजन 2024 के संग्रहण पारिश्रमिक का नगद भुगतान का शुभारंभ मुख्य वनसंरक्षक, जगदलपुर वृत्त एवं कलेक्टर बीजापुर की उपस्थिति में किया गया। विदित हो कि तेंदूपत्ता सीजन 2024 में बीजापुर के तेंदूपत्ता संग्राहकों द्वारा कुल 98225.282 मानक बोरा का संग्रहण किया गया है। जिसकी कुल राशि रू. 54 करोड़ 02 लाख 39 हजार इक्यवान का भुगतान किया जाना है। बीजापुर के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में निवासरत् तेंदूपत्ता संग्राहकों द्वारा बैंकों से दूरी अधिक होने एवं बैंक खाता न होने के कारण नगद भुगतान की मांग विगत कुछ दिनों से की जा रही थी ।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों की मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुये शासन द्वारा ऐसे संग्राहक जिनका बैंक खाता उपलब्ध नही हैं, उन्हें तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक के नगद भुगतान की अनुमति प्रदाय किया गया है। बीजापुर जिला अंतर्गत ऐसे 30464 संग्राहकों को रू. 30,17,22,303.00 की राशि का नगद भुगतान किया जायेगा ।नगद भुगतान का शुभारंभ करते हुये आज प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति संतोषपुर एवं धनोरा के संग्राहकों को भुगतान किया गया। मुख्य वनसंरक्षक, जगदलपुर वृत्त श्री आर.सी.दुग्गा द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को बीमा, छात्रवृत्ति इत्यादि का लाभ लेने हेतु कम से कम 500 गड्डी का संग्रहण करने एवं अगले वर्ष और अधिक मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा संग्राहकों को संबोधित करते हुये शीघ्र बैंक खाता खुलवाकर तेंदूपत्ता भुगतान के साथ-साथ अन्य सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया एवं यह स्पष्ट किया गया कि आगामी वर्ष से तेंदूपत्ता संग्रहण के समस्त भुगतान बैंक खातों के माध्यम से ही किया जायेगा।वनमण्डलाधिकारी बीजापुर श्री रंगानाथा रामकृष्णा वाय द्वारा बताया गया कि कलेक्टर बीजापुर के निर्देशन में जिला यूनियन बीजापुर द्वारा नगद भुगतान की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। योजनाबद्व तरीके से संपूर्ण जिले में नगद भुगतान आने वाले दिनों में किया जावेगा। इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक एवं बोनस की राशि का अंतिम बार नगद भुगतान किया जा रहा हैं।

एक नजर

पुलिस एवं प्रशासन ने की 3 नवीन कानूनों पर परिचर्चा

चारामा,28 जून । चारामा पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलिसेला (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरक्ति पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन एवं मोहसीन खान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर की पर्यवेक्षण में निरीक्षक दिलेश्वर चन्द्रवंशी थाना प्रभारी चारामा के नेतृत्व पर आगामी 1 जुलाई 2024 से लागू हो रही नवीन कानून संहिताओं के संबंध में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर किये गये बदलाव एवं संशोधन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व के अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून भादवि के 511 धाराओं में किया गया बदलाव 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराओं एवं 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय का समावेश किया गया है] उसके मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करने के संबंध तथा अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा एवं समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधानो की जानकारी दिया गया। उक्त कार्यशाला में यह भी बताया गया कि किसी भी मामले में अब सारे रिकार्ड ऑनलाईन और कम्प्यूटरीकृत हो रहे है। नये कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगी] जिससे आम जनता को उनके अधिकार] न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा। उक्त कानून में विशेष तौर पर महिला एवं बच्चों के घटित अपराधों एवं अत्याचारों के विषय एवं उनके लिये बनाये गये प्रावधानों एवं कानून के संबंध में जानकारी दिया गया। नवीन कानून पर परिचर्चा दंड प्रक्रिया संहिता से न्याय संहिता की ओर इस दौरान जनपद पंचायत सभाकक्ष चारामा में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा नायब तहसीलदार लखनपुरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा खण्ड शिक्षाधिकारी चारामा एवं चारामा विकास खण्ड के समस्त शासकीय कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं शासकीय कॉलेज जैसाकर्रा के शिक्षक एवं छात्र छात्रा जन प्रतिनिधी पत्रकारगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शीतला माता मंदिर परिसर में आरएसएस स्वयसेवकों ने किया पौधारोपण

गीदम, 28 जून। गीदम के शीतला माता मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ गीदम के स्वयंसेवको द्वारा वन संचार कार्यक्रम एव वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत वन संचार के बारे में बताते हुए यहा तमाम तरह के फलदार पौधे लगाए गए । इस कार्यक्रम में मंदिर समिति व ग्रामवासियों ने भी अपनी सहभागीदारी निभाई ।

भारत स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राएं पचमढ़ी कैम्प के लिए रवाना

बीजापुर 28 जून । भारत स्काउट गाईड शाखा बीजापुर से 17 छात्र एवं 21 छात्राएं विशेष शिविर हेतु मध्यप्रदेश के पचमढ़ी के लिए 25 जून को रवाना हुए स्काउट गाईड प्रशिक्षण के माध्यम से पर्वतारोहण, आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण लेंगे।उक्त प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने छात्रों के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और छात्र-छात्राओं को यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण के हर चरण का आनंद लेकर सीखना है उत्साहपूर्वक सीखने एवं शिक्षकों के निर्देशों का पालन करने अनुशासित रहने की समझाइस देते हुए उनको प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कानूनों में एकरूपता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने नये कानून में किया गया प्रावधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 28 जून। एक जुलाई से देशभर में लागू होने वाले तीन नये कानूनों के संबंध में जानकारी देने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनिकर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तजेश्वरी देवांगन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत देवांगन ने आईपीसी 1860, सीआरसी 1973 एवं एविडेंस एक्ट 1872 में किये गये संशोधन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय सजा अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, संयुक्त कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित जिला एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, स्कूल एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। कानून के जानकार विभिन्न वक्ताओं ने बतलाया बताया कि मुख्यतः पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए समय निर्धारित किया गया है। पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखा गया है। शीघ्र निराकरण होने से दोनों पक्षों के लिए राहत है। पीड़ित पक्षकार को ई-साक्ष्य, जीरो-एफआईआर, ई-एफआईआर से राहत मिलेगी। बहुत अच्छी मंशा के साथ नया कानून बना है। सभी नागरिकों को इसका फायदा मिलेगा। दोषी अपराधियों को सजा जल्दी मिलेगी। जिससे समाज में एक अच्छा प्रभाव एवं परिवर्तन दिखाई देगा। पीड़ित पक्ष को न्याय जल्दी मिलेगा।1 जुलाई 2024 से भारतीय दण्ड संहिता (आईपीसी) के स्थान पर तीन मुख्य कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। 150 वर्ष पूर्व कानून में बदलाव किया गया है तथा अलग-अलग धाराओं में सजा के लिए परिवर्तन किया गया है। कानूनों में एकरूपता लाने के लिए नया कानून लाया गया है। उन्होंने बताया कि 7 वर्ष से ज्यादा सजा की अवधि के अपराधों में न्याय दल गठित किया जाएगा तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बाद विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जप्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। इन कानूनों के संबंध में नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। पीड़ित पक्ष को न्याय समय पर मिले। पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। लोगों के लिए एक अच्छा कानून बनाया गया है, ताकि उन्हें सुविधा मिल सकें। पुलिस, विवेचक, प्रार्थी, गवाह, पीड़ित सबके लिए एक अच्छा परिवर्तन है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फॉर्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा।उन्होंने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फॉर्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि नये कानून में राजद्रोह हटा दिया गया है, इसके स्थान पर देश की अखण्डता एवं अक्षुण्यता के खिलाफ कोई कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया हैं। नये । बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बच्चों से अपराधिक गतिविधि कराने पर दुगुनी सजा का प्रावधान है। देश के बाहर भाग जाने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने नये कानून के धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा 21 जुलाई को

सुकमा, 28 जून । आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा रविवार 21 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। प्राक्कयन परीक्षा में शामिल होने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 06 जुलाई 2024 तक वेबसाईट 222.द्दद्मद्यड्ड14ड्ड.ष्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ने छत्तीसगढ़ शासन की प्रयास आवासीय विद्यालय योजना महत्वकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य माओवाद प्रभावित घोषित जिले एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाता है। प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते है। राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों के कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीट रिक्त हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्कयन परीक्षा के माध्यम होगा। प्रश्न पत्र कक्षा 10वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

नियद नेल्ला नार योजनांतर्गत परिया में हुए विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

सुकमा, 26 जून । कलेक्टर श्री हरिस.एस ने बुधवार को दुर्गम मार्ग से होकर जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत बगडेगुड़ा के तहत ग्राम परिया में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत सड़क निर्माण, आवास, मोबाईल नेटवर्क टॉवर, एसबीएम योजना सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्यों और आधारभूत संरचनाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है, इसी के तहत गांव के सर्वांगीण विकास में ग्रामीणजनों के सहयोग से अन्य विकास कार्यों की स्वीकृति देकर लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चिन्हांकित ग्राम परिया में पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन, पीएम आवास के तहत बने आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए विकास कार्यों को गति दी है। विकास कार्यों को गति देने में ग्रामीणजनों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में बच्चों उपस्थिति सुनिश्चित कर शिक्षा ग्रहण करवाएं। नियद नेल्लानार योजनांतर्गत गांव में आधारभूत संरचनाओं का विकास के साथ जनता के सभी प्रकार के सहयोग के लिए है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री नम्रता जैन ,एसडीओपी श्री परमेश्वर तिलकवार, एपीओ श्री बलवंत मार्को, टीआई केरलापाल श्री गोविन्द यादव , सचिव, सहायक रोजगार उपस्थित थे।

उप डाकपाल शत्रुघन निषाद को स्थानांतरण पर विदाई दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंडागांव,28 जून। उप डाकघर कोंडागांवगांव में पदस्थ पोस्ट मास्टर शत्रुघन निषाद का स्थानांतरण भानु प्रतापपुर होने पर 27 जून गुरुवार को कोंडागांव उप डाकघर परिसर में डाकघर के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई इस मौके पर उन्हें शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों ने बारी-बारी से उनके कार्यकाल, कुशल व्यवहार व कार्य शैली की प्रशंसा की गई। वे जुलाई 2022 से पर्यंत तक उपडाकपाल के रूप में पदस्थ रहे। इस मौके पर डाक सहायक दयाराम ध्रुव ने कहा स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है एक अवधि पश्चात स्थानांतरित होना ही रहता है परंतु निषाद सर का कमी महसूस होगा। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप संभागीय निरीक्षक सुभाष भुआर्य, देवेंद्र प्रसाद तिवारी उप डाकपाल कोंडागांव नाका, प्रीतम गुप्ता शाखा प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, अजय कुमार पांडे उपडाकपाल कोंडागांव, दयाराम ध्रुव डाक सहायक, नईम खान, डिकेश मिर्झा, बालमुकुंदी बंजारे, संदीप राव, कवित्त ठाकुर, उमेश नाग, देव कुमार कौशल, सूर्य प्रसाद दीवान, बीआर बघेल, महेंद्र जैन, डाक अभिकर्ता राजीव रंजन गुप्ता, संतोष साहू, पोस्टमेन भूपेंद्र महिलागे, गीतेश राव, देवेंद्र ठाकुर, चिरंजीव पोयाम, राधे नाग, विदोस दीवान, इमरान खान, भारत साहू, बुधराम साहू, अंजलि बर्मन, सायत नेताम, चमन नेताम सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सोनाबाल संकुल में नेवता भोज कर शाला प्रवेशोत्सव मनाया

कोंडागांव, 28 जून। विकासखंड कोंडागांव के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला सोनाबाल में 26 जून बुधवार को संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया तथा इस मौके पर नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क पुस्तक तथा गणवेश वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार नेवता भोज भी किया गया जिसमें छात्र छात्रायें, शिक्षकगण सहित पालकगण ने नेवता भोज किया। इस अवसर पर छात्रों पालक व ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। अपने उदबोधन में सभी वक्ताओं ने छात्रों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि जीवन में शिक्षा का स्थान सबसे उपर है, शिक्षा जीवन में एक नया उजाला लेकर आती है। आयोजन में मुख्य रूप से संकुल प्राचार्य यजेन्द्र मांझी, संकुल समन्वयक हेमदत्तेश्वर पटेल, पुरुषोत्तम दीक्षित, सुरेश चंद्रवंशी, धनराज धनेशकर, ईश्वरी कौमार्य, पूनम ठाकुर, श्वेता साहू, लक्ष्मी मिर्झा, रेणुका नाग, एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर ठाकुर तथा पालकगण समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधि महिला स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

मनाया शाला प्रवेश उत्सव

जगदलपुर। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव ग्राम साडगुड़ में मनाया गया। इस अवसर पर जगदलपुर विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किरण देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, श्रीनिवास राव मद्दी, रामाश्रय सिंह, ओमकार पांडे, बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम के, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश कुमार सर्वे, एसडीएम भरत कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल सहित भाजपा कार्यकर्ता व अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन कारली के पीछे जंगल भूमि पर पुलिसकर्मी अतिक्रमण कर बना रहे मकान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ 28 जून। एक ओर देश भर के अलग अलग प्रदेशों में वहां की सरकारें सरकारी व जंगल की जमीनों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर अभियान चलाकर भू माफियाओं के खिलाफ जबरदस्त कार्यवाई कर यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि सरकारी जमीनों पर किसी भी कीमत पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा तो वहीं छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में नक्सल पीड़ित बताकर जंगल की तथा राजस्व की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर मकान बनाने का खेल वर्षो से चल रहा है । नक्सल पीडित का ठप्पा लगाकर जहां चाहे वहां अतिक्रमण किया जा रहा है और प्रशासन जांच के नाम पर खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल सरकारी जमीनों को अतिक्रमण होते देख रही है। ऐसा ही एक मामला दंतेवाडा जिले के पुलिस लाइन कारली के पीछे स्थिति जंगल क्षेत्र में देखने को मिला है जहां कोई और नहीं बल्कि स्वयं पुलिस विभाग में कार्यरत पुलिस कर्मी के लोग ही अतिक्रमण कर जमीनों पर मकान तान रहे हैं। पंचायत एवं गांव के ग्रामीण लिखित में शिकायत कर रहे हैं वन विभाग एवं राजस्व अमला को कि अतिक्रमण को रोका जाए मगर राजस्व अमला हो या वन विभाग कोई भी इस मामले में ठोस कारवाई करते नहीं दिख रहा। जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर मामले को तहसील में लंबित है कहकर टाला जा रहा है जबकि अतिक्रमण पर तत्काल कारवाई की जाने की आवश्यकता है। राजस्व अमले ने तो जांच भी किया है मगर वन विभाग ने अभी तक इस मसले पर कोई सख्त जांच करवाई नहीं की है। बता दें कि पुलिस लाइन कारली के पीछे स्थित जंगलों में अतिक्रमण कर जंगलों को काटकर अवैध रूप से 4-5 मकानें बनाई गई है । मकान बनाने वाले कोई और नहीं बल्कि पुलिस कर्मी ही हैं जो पहले नक्सल पीडित थे बाद में इन्हें एसपीओ बनाया गया। सलवा जुडूम के समाप्त होने उपरांत इन्हें एसपीओ से सहायक आरक्षक नाम दिया गया ये लोग अंदरूनी नक्सल क्षेत्र से आते हैं। बस इसी बात का फायदा उठाते ये पुलिस कर्मी अतिक्रमण कर रहे हैं और अपने को नक्सल पीडित बताकर प्रशासन के लोगों से उन्हें जगह से नहीं हटाने की गुहार लगा रहे हैं। प्रशासन भी नक्सल पीडित के नाम पर इस मामले में कोई कारवाई नहीं कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल मूकबधिर बन बैठी है। अब सवाल यह कि क्या नक्सल पीडितों को मनमुताबिक किसी भी जगह पर अतिक्रमण कर मकान बनाने की छूट शासन से मिली है? बताते चलें कि नक्सल पीडितों को सरकार ने बकायदा उन्हें मकान बनाकर रहने को दिया हुआ है। पुलिस लाइन में भी नक्सल पीडितों के लिए आशियाने बने हुए हैं। नक्सल पीडित के नाम पर करोडों का बजट भी सरकार देती है। मगर यहां तो जिन लोगों ने जंगलों में कब्जा किया है उन्हें तो सरकार ने नौकरी दे रखा है उन्हें अच्छी खासी सैलरी भी मिल रही है फिर वे किस तरह से नक्सल पीडित हुए? कारली पंचायत के ग्रामीणों ने अप्रैल माह में इसकी शिकायत तहसीलदार से किया था जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है और आज भी अवैध मकानों को हटाया नहीं गया है। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन जल्द इस पर कारवाई नहीं करती है तो आने वाले समय में अतिक्रमणकारियों की संख्या में और ज्यादा वृद्धि होगा और पंचायत यह कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। पंचायत ने दो टूक कहा है कि वे अपने गांवों की सीमा में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने देंगे । आवश्यक हुआ तो राजस्व एवं वन मंत्री तक इसकी शिकायत की जाएगी।

एक नजर

स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

गरियाबंद, 28 जून। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों लगातार 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग कर रहे है, ज्ञात हो कि, जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनेक विभाग के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि प्रदान किया गया था किन्तु आज तक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को अप्राप्त है ।छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमृत राव भोंसले के नेतृत्व में एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी एवं कौशलेश तिवारी के मार्गदर्शन में प्रतिनिधिमंडल द्वारा आज एक बार पुनः 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं ग्रेड पे सहित 18 बिंदु ज्ञापन के बाबत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट की गई । उन्हें बताया गया कि, पूर्व में भी इस बाबत निवेदन किया गया था जिसका निराकरण नहीं हुआ है । प्रतिनिधि मंडल के द्वारा बताया गया कि एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है एवं कहा जल्द वेतन वृद्धि की खुशखबरी मिलेगी इस अवसर पर एनएचएम गरियाबंद प्रशांत अवधिया, डॉ शंकर पटेल, डॉ योगेंद्र रघुवंशी, भूपेश साहू,लम्बोदर महतो,कमलेश ढीढी, योगेश साहू, लालिमा साहू, कविता जगत, धीरज शर्मा, भारत ठाकुर, टिकेश साहू, टिकेश बांसकर,दीपेश टाँडी,सौरभ गुप्ता, एन कुमार साहू, तुमीत श्रीवास, नवीन नवरंगे, संदीप वर्मा, लीला राम साहू, रोहित साहू, मनीष ढांड़े, अनु विश्वकर्मा, शेष सिन्हा, विष्णु निषाद, लेखन साहू, उपस्थित रहे।

भाजपा नेताओं ने जिला अस्पताल में रात्रिकालीन मेडिकल सेवा प्रारम्भ करने की मांग की

गरियाबंद, 28 जून। एक दिवसीय प्रवास में पहली बार गरियाबंद पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भाजपा कार्यकर्ताओ ने अनेक क्षेत्रीय समस्या भी बतायी। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने निराकरण का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन मे जिला मुख्यालय गरियाबंद की जिला अस्पताल में रात्रि कालीन मेडिकल सुविधा एवं सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। भाजयुमो नेता अजय रोहरा ने कहा कि जिला अस्पताल गरियाबंद में जिले के दूरस्थ अंचल से गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोग पहुंचते हैं। यहां प्रधानमंत्री जन औषधि एवं धनवंतरी जनऔषधि केंद्र भी है। परंतु रात्रि के समय यह बंद रहते हैं। जिसके चलते हैं यहां भर्ती मरीजों को रात्रि समय में दवाई के लिए भटकना पड़ता है। इसके साथ सोनोग्राफी के लिए भी बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से हैं जिला अस्पताल गरियाबंद में रात्रि कालीन मेडिकल सुविधा एवं सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ करने की मांग रखी। इधर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल जिला स्वास्थ्य अधिकारी को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दे दिए हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, सागर मयाणी, वंश सिन्हा, परमेश्वर सेन, प्रतीक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सिर्फ डिग्री की गिनती के फेर में न रहें, काबिलियत के लिए पढ़ें: वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी

रायगढ़, 28 जून। सिर्फ डिग्री पा लेना और उसकी संख्या बढ़ाना आपको कामयाबी के मुकाम तक नहीं लेकर जायेगा, स्किलफुल बनेंगे तो कामयाबी जरूर मिलेगी। इसलिए गिनती के फेर में न पड़ें और काबिलियत के लिए पढ़ें, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज करियर काउंसलिंग के दौरान बच्चों को यह सलाह दी। वे आज स्कूल और कॉलेज के बच्चों के बीच उन्हें करियर संबंधी मार्गदर्शन देने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'उत्कर्ष-भविष्य का निर्माण' कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्हें सुनने बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षक और पालक भी पहुंचे थे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने एक घंटे के अपने संबोधन में छात्रों को अपनी अब तक जीवन अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि एक छोटे से गांव से निकल कर देश के प्रतिष्ठित आईएएस सेवा में चयन, प्रशासनिक करियर से लेकर राजनीतिक जीवन में प्रवेश और अब प्रदेश के वित्त मंत्री के रूप में कार्य करने का सफर कैसा रहा, क्या चुनौतियां रहीं, उनसे कैसे निपटे और भविष्य के लिए और बड़े लक्ष्य कैसे तय किए और उन्हें कैसे पूरा किया।वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि 11 साल की उम्र में अपनी मां के साथ जब रायगढ़ के कलेक्टर ऑफिस पहली बार आया था तभी से मन में ठान लिया था कि आगे चल कर आईएएस बनना है। इस सपने को मैने जिया, लगातार मेहनत की और 23 साल की एज में सबसे कम उम्र में से एक आईएएस बनने की उपलब्धि हासिल हुई। उन्होंने कहा कि बायंग गांव से निकल कर जब मैं आईएएस बन सकता हूं जिसके पिता का देहांत 8 वर्ष की उम्र में हो गया था और मां सिर्फ चौथी तक पढ़ी है तो आप में से हर कोई अपना सपना पूरा कर सकता है। बशर्ते आपको परिस्थितियों से हारना या घबराना नहीं है बल्कि उनका सामना करना है। संकल्प यदि मजबूत होगा तो विकल्पों की कमी नहीं होगी। हमारे सामने अनेकों उदाहरण हैं जो बताते हैं कि विषम परिस्थिति में भी अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने वाले सफलता की नई इबारत लिखते हैं।

विधायक ने तिलक लगा, मिठाई खिलाकर नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,28 जून। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू के मुख्य अतिथ्यि में तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर विधायक रोहित साहू द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया गया। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि बच्चें देश का भविष्य है उन्हें अच्छा पढ़ाई करते हुए समाज एवं देश में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने का स्थान निर्धारित करना चाहिए। उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए बेहतर कार्य कर रहा है। इसके लिए हम सबकों मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व एवं क्रांतिकारी कदम लाना होगा। इसके लिए शिक्षक भी नियमित रूप से स्कूल पर उपस्थित रहे और ईमानदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्कूलों में जहां रिक्त जगह है वहां पर पौधरोपण भी करें और उन पौधों को सहेजने का कार्य करें।इस अवसर पर नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि जिले में कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखे। जिन बच्चों का भर्ती अभी नहीं हो पाया है। ऐसे छूटे हुए बच्चों को स्कूल में भर्ती कराये। इस दौरान उन्होंने बताया कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं खेलकूद सामग्री के लिए उनके मद से पूर्व में दो लाख रुपये प्रदान किया गया था। आज शिक्षा सत्र खुलने शिक्षकों के अनुरोध पर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं खेलकूद सामग्री के लिए तीन लाख रूपये की घोषणा की है। उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने कहा। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ शाला गणवेश का वितरण भी की तथा सरस्वती सायकिल भी वितरण किया गया। उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, राजेश साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव, जिला मिशन समन्वयक के. एस. नायक, बीआरसीसी गरियाबंद तेजेश शर्मा, शैक्षिक समन्वयक, प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चों सहित लोग उपस्थित थे।

सीएएफ जवान ने अपनी बंदूक से खुद को गोली मारी, हालत गंभीर

बीजापुर, 28 जून। जिले के भोपाल पटनम थाना अंतर्गत रामपुरम कैंप मे पदस्थ सी ए एफ 15 वाहिनी के जवान मनोज दिनकर आज प्रातः कैंप के अंदर ही अपनी सर्विस राईफल से अपनी कनपटी पर गोली मार ली इस आकस्मिक घटना से कैंप के अंदर अफरातफरी मची आनन फानन में घायल जवान को भोपाल पटनम हास्पिटल लाया गया गंभीर सिथति को जवान को जिला अस्पताल के बाद उसे मेडिकल कालेज जगदलपुर रिफर किया गया है जवान ने ऐसा कदम क्यों उठाया ये अभी जांच का विषय है बहरहाल जवान की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है जवान मनोज दिनकर जाजंगीर चापा का रहने वाला है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंदकात गर्वना ने घटना की पुष्टि की है

खट्टी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 28 जून। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति प्राथमिक शाला की उपाध्यक्ष एवं पंच श्रीमती हेमबाई ध्रुव थी , कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्य श्रीमती ममता निषाद ने किया इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगा एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया समस्त छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण भी किया गया मुख्य अतिथि की आसंदी से श्रीमती हेमबाई ध्रुव ने कहा की पढ़ लिखकर ही हम आगे बढ़ सकते है बिना शिक्षा के जीवन अधूरा है, । अपने अध्यक्षीय उदबोधन में श्रीमती ममता निषाद ने कहा की बच्चों को स्कूल भेजना हम सबकी जिम्मेदारी है शाला प्रवेश उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए शासकीय प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने कहा कि स्कूल से हमे जीवन की एक नई राह मिलती है तथा शिक्षा हमे अंधेरे से उजाले की ओर ले जाती है उन्होंने बताया की शाला प्रवेश उत्सव एक ऐसा आयोजन है जिसमें शिक्षक पालक एवं बालक को एक दूसरे को जानने का मौका मिलता है आभार प्रदर्शन माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक चैनसिंह यादव ने किया इस अवसर पर पालक गण श्रीमती लोमीन बाई, पुनिता ध्रुव, कन्या बाई, पार्वती यादव, अश्वनी कमार, पूर्णिमा बाई, रूखमणी यादव, डिगेश्वरी ध्रुव,चैन सिंह यादव, गिरीश शर्मा, देवेंद्र काशी, लोकेश्वरी आमदे, मीना यादव , नारायण सिंह चंद्राकर , तामेश्वर यादव , धर्मेंद्र ध्रुव आदि उपस्थित थे।

जिले के 28 श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम हुए रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 28 जून। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम में श्रीराम के दर्शन कराने हेतु श्रीरामलला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत विशेष ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें श्री रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 25 जून दिन मंगलवार को बीजापुर जिले के 28 रामभक्तों को कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने रात्रि 8.00 बजे कलेक्टर परिसर से बस को रवाना किया। श्रद्धालुगण बीजापुर से बस के माध्यम से दुर्ग फिर दुर्ग से विशेष ट्रेन से अयोध्या पहुंचेंगे। कलेक्टर ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। वहीं इस अवसर पर 69 वर्षीय आवापल्ली निवासी श्रीमती गीता देवी ने मनमोहक भजन ÷मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे÷ का कीर्तन करते हुए उन्होंने कहा कि सच में आज मेरे भाग खुल गए है, मुझे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा शुरू की गई रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या जाने का सौभाग्य मिला मैं बहुत खुश हूं अयोध्या जाकर मैं श्री रामलला का दर्शन पाऊंगी और अपने परिवार की खुशहाली की कामना करुंगी।उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ता और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, तहसीलदार श्री डीआर ध्रुव सहित अधिकारी कर्मचारी एवं श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

जिंदगी में परिवर्तन लाने के लिए सबसे सहज एवं सरल माध्यम है शिक्षा:ओ.पी.चौधरी

रायगढ़, 28 जून। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में शास.अंग्रेजी माध्यम नटवर स्कूल, रायगढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक भी प्रदान किए। इस दौरान यहां न्यौता भोज का भी आयोजन हुआ, जिसमें वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बच्चों से बैठकर भोजन भी ग्रहण किए। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने बच्चों से कहा कि आप अपने जीवन के बहुत महत्वपूर्ण साल की शुरुआत कर रहे हैं और यह शाला प्रवेश उत्सव नटवर स्कूल में मनाया जा रहा है, जो हम सबके लिए एक गौरव और भावुकता का समय है। आज मंच में बैठे कई लोग इस स्कूल से पढ़े हैं और मैं बताना चाहता हूं कि मेरी पिताजी एवं चाचा भी इसी स्कूल से पढ़े हैं। ऐसे ही सबकी यादें इस स्कूल से जुड़ी हुई है, यह सब के लिए गर्व का विषय है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि अगर आप अपने जिंदगी में परिवर्तन लाना चाहते हैं जिससे आपके माता-पिता को सारी सुख-सुविधा एवं मान-सम्मान मिले तो इसका सबसे सहज एवं सरल माध्यम शिक्षा है।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से सारी सुख सुविधा मान सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। यह आपको इस उम्र में समझने की आवश्यकता है। मैं स्वयं छोटे से गांव बायंग का निवासी हूं मेरे दादा किसान थे, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी है लेकिन उन्होंने मेरी पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज आप सभी अच्छे स्कूल और शिक्षकों के बीच पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि हमारे समय में ना तो अच्छे स्कूल थे और न ही पूरे विषयों के शिक्षक। उन्होंने स्कूली पढ़ाई से लेकर आईएएस बनने तक के सफर को साझा करते हुए कहा कि आपके जिले के बायंग गांव का व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों के बाद भी कलेक्टर बन सकता है तो आप हमसे बेहतर जगह पर जा सकते हैं। मन में दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन एवं अपने आप पर भरोसा रखें, दुनिया की कोई भी ताकत आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भारत तेजी से बदलते हुए विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। इसमें बहुत सारे लोगों को अवसर मिलेगा। हम अपने आप को उस अवसर को लेने के लिए कितना तैयार कर पाते हैं, यह आप पर निर्भर करता है। शासकीय नौकरियों के अलावा अन्य संभावनाएं भी हैं, उसको भी आप को समझना होगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों के अंदर व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, धैर्य का विकास करें तभी वे कठिन से कठिन लक्ष्य पा सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को कहा कि बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन दें। शिक्षकों के हाथ में बच्चों का भविष्य होता है आप उनको सवार सकते हैं सभी प्रतिबद्ध होकर कार्य करें।जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने नटवर स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय में नटवर स्कूल में प्रवेश के लिए लाइन लगी रहती थी और आप सभी सौभाग्यशाली हैं, यहां आपका प्रवेश हो रहा है। आप सभी दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करें और नटवर स्कूल के साथ ही जिले का नाम रोशन करें।कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि हमें एक विद्यार्थी की तरह वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो आज हमारे बीच उपस्थित हैं जो कभी शाला प्रवेश उत्सव में रहे होंगे। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से एक रास्ता चुना और उस मुकाम पर पहुंचे। यह हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। विद्यार्थियों के लिए टीचर एक मार्गदर्शक की भूमिका में होता है। बच्चे उनसे जुड़े रहे, उनकी बातों का अनुसरण करें। उन्होंने सभी को मन लगाकर पढ़ने और प्रदेश देश के साथ विदेश में नाम रोशन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर श्री गुरूपाल भल्ला, श्री मुकेश जैन, श्रीकांत सोमावार, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी, शोभा शर्मा, श्री दीबेश सोलंकी, श्री पंकज कंकरवाल, श्री मुक्तिनाथ बबुआ, श्री नरेश गोरख, श्री डिग्री लाल साहू, श्री सूरज शर्मा, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर श्री आर.पी.आदित्य, सहायक संचालक शिक्षा संभाग श्री प्रशांत राय, श्री डी.के.वर्मा, श्री जी.आर.जाटवर, श्री मनोज अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, श्री नरेन्द्र चौधरी, श्री के.के.स्वर्णकार, श्री जे.के.राठौर, श्री भूनेश्वर पटेल, श्री आलोक स्वर्णकार, सुश्री तरसिला एक्का उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

प्रतिभाशाली बच्चे हुए पुरस्कृत

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को सर्टिफिकेट, मोमेन्टो एवं बुक प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रतिमा महंत, रमेश सिंग, खुशवेन्द्र टंडन, तेजस्वनी निषाद, रौनक चौधरी, निशि मिश्रा, गरिमा पटेल, तौफेल अंसारी, राखी पटेल एवं रितिका महंत शामिल थे। कार्यक्रम में डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

1-1 लाख के ईनामी जनतानार सरकार अध्यक्ष सहित 7 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर,28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना भैरमगढ के द्वारा की गई अलग- अलग कार्यवाही में 07 माओवादियों को पकड़ा गया । थाना भैरमगढ से डीआरजी, थाना भैरमगढ का बल माओवादियों के द्वारा तेदुपत्ता वसुली, लेवी वसुली की ग्रामीणों के साथ अलग अलग स्थानों पर मीटिंग लेने की सूचना पर केशकुतुल, तुरेनार की ओर निकली थी । संयुक्त पार्टी के द्वारा केशामुण्डीपारा केशकुतुल, सुराखाड़ा केशकुतुल एवं तुरेनार से कुल 07 माओवादियों को भागते हुऐ घेराबंदी कर पकड़ा ।पकड़े गये माओवादियों से मेमोरण्डम के आधार पर अवैध विस्फोटक सामग्री, टंगिया, माओवादी प्रचार प्रसार की सामग्री, पाम्पलेट बैनर आदि बरामद किया गया । पकड़े गये माओवादी थाना भैरमगढ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 18/04/2022 को जल जीवन मिशन के तहत् पाईप लाईन बिछाने के कार्य में लगी जेसीबी वाहन में आगजनी की घटना, दिनांक 17/02/2023 को भैरमगढ़ ओडसा पदमपारा डेम के पास वाहन में आगजनी की घटना, दिनांक 19/04/2024 को लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा में लगी पुलिस पार्टी पर चिहका के पास ढ्ढश्वष्ठ विस्फोट करने की घटना, दिनांक 21/04/2024 को केशकुतुल के जंगल में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना, दिनाक 25/04/2024 को केशामुण्डीपारा केशकुतुल के पास पुलिस पार्टी पर ढ्ढश्वष्ठ विस्फोट करने की घटना में शामिल थे ।

पकड़े गये माओवादी -1.रामधर वेको पिता सुखराम बेको ऊफ नेडूम ऊर्फ नडगू उम्र 24 वर्ष निवासी केशामुण्डी थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, पदनाम- जनताना सरकार अध्यक्ष, आरपीसी केशकुतुल, ईनाम 01.00 लाख, वर्ष 2015 से सक्रिय 2.सोमलू उरसा पिता आयतु उरसा उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी तुरेनार भैरमगढ जिला बीजापुर, पदनाम- जनताना सरकार अध्यक्ष, आरपीसी फुलादी, ईनाम ङ्क 01.00 लाख, वर्ष 2008 से सक्रिय 3. सुखराम कोवासी पिता बोटी ऊर्फ बीटी कवासी उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी सुराखाड़ा केशकुतुल थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, पदनाम- डीएकेएमएस सदस्य, आरपीसी केशकुतुल, वर्ष 2008 से सक्रिय 4. साई वेको पिता सोमडू वेको उम्र 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी सुराखाड़ा केशकुतुल थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य आपीसी केशकुतुल, वर्ष 2008 से सक्रिय 5.
लाल सिंह कवासी पिता बोमड़ा कवासी उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी सुराखाड़ा केशकुतुल थाना भैरमगढ जिला बीजापुर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य, आरपीसी केशकुतुल, वर्ष 2015 से सक्रिय 6 रानू लेकाम पिता लच्छु लेकाम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी स्कूलपारा कोतरापाल थाना जांगला जिला बीजापुर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य, आरपीसी कोतरापाल, वर्ष 2015 से सक्रिय 7.सन्ना उरसा पिता सोमा उरसा उम्र 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी केशकुतुल थाना भैरमगढ जिला बीजापुर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य, आरपीसी केशकुतुल, वर्ष 2010 से सक्रिय पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना भैरमगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

वन वृत्त जगदलपुर में 5 दिवसीय नियद नेल्लानार मास्टर ट्रेनर प्रशिक्ष आयोजित

बीजापुर,28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वन वृत्त जगदलपुर के जिला यूनियन बीजापुर में 05 दिवसीय नियद नेल्लानार मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण जिला यूनियन बीजापुर में आयोजित किया गया जिसमें प्रथम सत्र में समस्त प्रशिक्षणार्थियों को संघ मुख्यालय से अनुराधा मैडम द्वारा नियद नेल्लानार योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात् रायपुर सीएससी मुख्यालय से उपस्थित मो. रियाज के द्वारा संग्राहक सर्वे, वीएलई के माध्यम भुगतान एवं वन धन मित्रों को वीएलई बनाए जाने और उससे होने वाले इनकम के बारे में बताया गया। श्री अश्वनी राजपूत द्वारा बेस लाइन सर्वे के माध्यम से संग्राहकों सर्वे एवं मोबाइलाज़ेशन सबंधित जानकारी दी गई । '?इसके पश्चात श्री हेमंत पांडे के द्वारा नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन और समितियों में लघु वनोपज संग्रहण संबंधित जानकारी दी गई। 'इसके बाद श्री अश्वनी राजपूत के द्वारा सर्वे के माध्यम से प्राप्त जानकारी एवं समूह के रुचि अनुसार उपलब्ध वनोपाज के आधार पर बिजनेस प्लान तैयार करने संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

बीजापुर,28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमे बीजापुर से गंगालुर बनने वाली सड़क के बारे में जानकारी ली गई तत्पश्चात सड़क के दोनो तरफ झाड़ियों को कटवाने, नक्सलियों द्वारा जलाए गए वाहनों को सड़क से हटाने संबंधित ठेकेदार को सूचना कर कार्यवाही करने, स्कूल वाहनों को जांच कर नियमानुसार गति में चलाने, टेक्ट्रर एवं रोड में आवारा पशुओं मे रेडियम लगाने, रोड सेफ्टी, जेबरा क्रॉसिंग जैसे सिम्बोल लगाने, अंदरूनी क्षेत्रों में रोड सेफ्टी से संबंधित पोस्टर, बैनर लगवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। ज्ञात हो कुछ दिन पूर्व मधुबन ढाबा के पास बस एक्सिडेंट हुआ था जिसमें बताया गया कि वाहन चालक मिर्गी बीमारी से ग्रसित है ऐसे वाहन चालकों के लाईसेंस कैसिल करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल, श्री विकास सर्वे सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बेंगलूर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया

बीजापुर,28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पांडेय के निर्देशन पर जिले के सुदूर अंचल और भैरमगढ़ विकास खंड के शासकीय हाईस्कूल बेंगलूर शाला प्रवेशोत्सव संपन्न हुआ। इस दौरान भैरमगढ़ विकास खंड शिक्षा अधिकारी अथर्व शर्मा , सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी जेआर शोरी एवं मुख्य अथिति सुकमन कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत बेंगलुर, संकुल प्राचार्य केके बाकड़े, संकुल समन्वयक महेश देव कुंजाम सहित अन्य शिक्षक एवं पालकों की गरिमामय उपस्थिति में नवप्रवेशी तथा शाला त्यागी बच्चो को वेलकम किट, स्कूल ड्रेस, पाठ्य पुस्तक और तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। शिक्षण सत्र 2024-25 शाला प्रवेश उत्सव में अतिथियों द्वारा शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन पालकों के नाम सन्देश का वाचन कर किया गया तथा पालको से अपील की गई कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

सुको के निर्देश पर 16 बिंदुओं में की गई स्कूल बसों की जांच

यातायात पुलिस, परिवहन विभाग एवं मेडिकल टीम ने शिविर में शैक्षणिक संस्थानों के 90 से अधिक स्कूल बसों का किया परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 28 जून। कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार परिसर में यातायात पुलिस बल एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के समस्त स्कूल बसों सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 16 बिंदुओं में स्कूली बसों की चेकिंग की गई है।

स्कूल बस के आगे एवं पीछे स्कूल बस लिखा है, स्कूल बस के खिड़की में जाली की व्यवस्था है, बस में फर्स्ट एड बॉक्स अग्निशमन यंत्र है, बस में प्रशिक्षित परिचालक हैं, बस में 05 वर्षों का अनुभवी लाइसेंस धारी चालक है, बस में केवल विद्यार्थी अथवा शिक्षक स्टाफको लाना-ले-जाना करते हैं, बस में सीट के नीचे बस्ता रखने हेतु स्थान है, बस में स्पीड गवर्नर लगा है, बस में आपातकालीन दरवाजा है, बस में प्रवेश द्वार में लॉकिंग सिस्टम है, स्कूल बस की खिड़कियों में रंगीन कांच लगाए हैं, स्कूल बस में प्रेशर हॉर्न लगाए हैं, स्कूल बसों का रखरखाव एवं स्वच्छता के संबंध में, स्कूल बस संविदा वाहन है और यदि हां तो स्कूल बस के अनुरूप बनाया गया है, स्कूल बस में परमिट फिटनेस, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र है, बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी है, के संबंध में परिवहन

विभाग द्वारा जांच किया गया।

परीक्षण शिविर में निजी स्कूल के बसों का मैकेनिकल परीक्षण, बस में आवश्यक उपकरण जैसे सीसीटीव्ही कैमरा, फस्ट एड किट, फायर एक्शिग्युशर, वाहनो के फिटनेश परमिट, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाईसेंस आदि भी चेक किया गया। परीक्षण शिविर में सभी वाहन के चालको व बस चालको का नेत्र चेक, ब्रेक चेक, शुगर चेक किया गया। वाहन में कैमरा व फस्टेश बाक्स चेक किया गया। आज के परीक्षण में जिले के देल्ही वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, सेक्रेट हार्ट स्कूल, अम्बुजा विद्यापीठ, वंदना पंब्लिक स्कूल, शास्वत स्कूल, गुरूकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल, शांतिदेवी पब्लिक स्कूल, अहिल्या पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर एवं अन्य स्कूल के 90 से अधिक स्कूल बसों का परीक्षण किया गया है। उक्त जांच परीक्षण शिविर में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चुन्नू लाल देवांगन, यातायात बलौदाबाजार प्रभारी प्रवीण मिंज एवं यातायात, परिवहन एवं स्वास्थय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

सुषमा कुमार चुनी गई छत्तीसगढ़ डायसिस की नई बिशप पादरी, मसीही समाज में हर्ष

तिल्दा-नेवरा, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ डायसिस की नई बिशप पादरी सुषमा कुमार चुनी गई हैं। इस के चलते तिल्दा

नेवरा में मसीह समाज में हर्ष व्याप्त है इस के चयन पर डा उमेश सुना अल्का सुना ने बधाई दी है छत्तीसगढ़ डायसिस को पहली बार महिला और छत्तीसगढ़िया बिशप मिला है।दिल्ली में सोमवार को चर्च ऑफनार्थ इंडिया के सिनड मुख्यालय में नए बिशप का चुनाव हुआ। सिनड और छत्तीसगढ़ डायसिस के डेलिगेट ने सुषमा कुमार का चयन किया है। नए बिशप ने सेवक, डीकन और पादरी के रूप में भाटापारा, तिल्दा और महासमुंद में सेवा दी है। 25 जून को दिल्ली में नए बिशप का अभिषेकीकरण सिनड मुख्यालय के चैपल में होगा। राजधानी में सेंट पॉल्स कैथेड्रल में 29 जून को उनकी सेवा पदभार ग्रहण आराधना होगी। बिशप कुमार छत्तीसगढ़ डायसिस की उपाध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण कमेटियों में भी रह चुकी हैं। वे मूलतः महासमुंद की रहने वाली हैं। इस मौके पर छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस, कोषाध्यक्ष जयदीप रॉबिंसन सहित पादरीगण मौजूद थे। अब तक प्रभारी बिशप के रूप में बिशप एसके नंदा छत्तीसगढ़ डायसिस को संभाल रहे थे। बिशप चयन की प्रक्रिया करीब डेढ़ महीने पहले शुरू हो गई थी।सिनड के मॉडरेटर द मोस्ट राइट रेवरेंड बीके नायक प्रीसाइडिंग ऑफिसर थे। इसके लिए एक सर्च कमेटी का भी गठन किया गया था। तीन वरिष्ठ पादरियों जिनमें पादरी सुषमा कुमार तिल्दा, पादरी प्रणय टोप्पो अंबिकापुर और पादरी शैलेष सालोमन बिलासपुर ने नामांकन फार्म भरकर दावेदारी की थी। सर्च कमेटी की जांच में तीनों के नामांकन पत्र वैध पाए गए थे। 24 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की गई। इसके बाद से एक महीने का वक्त मतदान के लिए था। फिटनेस टेस्ट के लिए मेडिकल चेकअप से उम्मीदवारों को गुजरना पड़ा।सीएनआई के तय अस्पताल को इस प्रक्रिया के निर्धारित किया गया था। उम्मीदवारों को इंटरव्यू भी देना पड़ा। इसके जरिए यह आंका गया कि वे आत्मिक सेवकाई डायसिस के प्रशासनिक मार्गदर्शन के लिए कितने सक्षम हैं।

देश भर के 20 चयनित डेलिगेट ने किया मतदानः इस पद के लिए इस बार केवल छत्तीसगढ़ से ही तीन पादरियों ने दावेदारी की थी। हालांकि, इसके लिए देश में सीएनआई का कोई भी पात्र वरिष्ठ पादरी उम्मीदवारी कर सकते हैं। प्रत्याशियों के लिए वोटिंग देशभर के 20 चयनित डेलिगेट ने मतदान किया।

दंड नही न्याय आधारित होगा नया कानूनः चन्द्रवाल

बालोद, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि देश मे 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन नए कानून केवल दण्ड नही न्याय आधारित होगा। चन्द्रवाल आज जिला पंचायत सभाकक्ष में 01 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बंध में जिले के जन प्रतिनिधियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओ एंव व्यापारियों को जानकारी देने हेतु आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने तीनों महत्वपूर्ण कानूनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में अपर कलेक्टर चन्द्रकान्त कौशिक, एडिशनल एसपी अशोक जोशी, लोक अभियोजन अधिकारी, डीडीपी सहित जिला एंव पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पत्रकार, अधिवक्ता एवं व्यापारीगण उपस्थित थे। चन्द्रवाल ने तीनों नए कानूनों के प्रावधानों संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पहले के कानून केवल आरोपी को केंद्र में रखकर बनाया गया था। लेकिन वर्तमान कानून आरोपी एंव पीड़ित दोनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून आरोपी एंव पीड़ित के प्रति समान भाव रखता है। चन्द्रवाल ने कहा कि सभी वर्गों के लोगों को तीनों नए कानूनों के संबंध में समुचित जानकारी रखना आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों को इन तीनों नये कानूनों के संबंध में जानकारी देने हेतु समुचित व्यवस्था किये गए हैं। जिले के विभिन्न वर्ग के लोगों को कार्यशाला एंव अन्य माध्यमों से नए कानूनों के संबंध में निरन्तर जानकारी दी जा रही है। चन्द्रवाल ने इसके प्रचार-प्रसार के संबंध में पुलिस प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

अपर कलेक्टर चन्द्रकान्त कौशिक ने नए कानूनों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 01 जुलाई 2024 के पूर्व जो घटना घटित हुई है उस पर पुराना कानून लागू होगा। इस अवसर पर एडिशनल एसपी अशोक जोशी एवं लोक अभियोजन अधिकारी तथा अन्य विषय विशेषज्ञों के द्वारा तीनों नए कानूनों के सम्बध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

एक नजर

प्री बीएड, डीएलएड प्रवेश परीक्षा 30 जून को 14 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

बलौदाबाजार 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन 30 जून 2024 को किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में कुल 46 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गए है जिसमें 14 हजार 643 परीक्षार्थी शामिल होंगे।प्रथम पाली में प्री बीएड प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 4 :15बजे तक होगी। प्रथम पाली में प्री बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 21 एवं द्वितीय पाली में प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा क़े लिए 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्री बीएड प्रवेश परीक्षा क़े लिए कुल 6 हजार 587 एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा क़े लिए कुल 8 हजार 56 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

कलेक्टर से ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने क़ी मुलाकात

बलौदाबाजार 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले क़े ब्राह्मण समाज क़े पदाधिकारियों ने कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य मुलाक़ात क़ी। उन्होंने गुलदस्ता देकर सोनी का अभिनन्दन किया।पदाधिकारियों ने जिले में समाज क़ी इतिहास एवं सामजिकजनो क़े योगदान को रेखांकित करते हुए आगे भी जिले में विकास एवं भाईचारा कायम रखने में प्रतिबद्धता दोहराई। कलेक्टर सोनी ने सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने एवं विकासमूलक गतिविधियों में सकारात्मक सहयोग क़ी अपेक्षा क़ी। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जिले में विकास क़ी प्रचुर संभावनाएं हैं।इन सम्भावनाओं को धरातल पर उतारने क़े लिए सबको मिलकर काम करना होगा।इसीप्रकार शासन क़ी योजनाओं क़ी जानकारी पात्र हितग्राही तक पहुँचाने में भी समाज क़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सदैव सकारात्मक सुझाव क़ी अपेक्षा करता है तथा किसी भी समस्या का नियमानुसार निराकरण करने प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सर्व ब्रह्मण समाज क़े जिला अध्यक्ष श्याम शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रसन्न तिवारी, सचिव सुशील तिवारी, सह सचिव नरेन्द्र शुक्ला, राजकुमर सहित अन्य सामजिकजन उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया

बलौदाबाजार 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी क़े निर्देशनुसार 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति भारत अभियान का आयोजन जिले क़े विभिन्न ग्रामो में किया गया। ग्राम पंचायत अर्जुनी एवं अमेरा में आयोजित कार्यक्रम में स्व सहायता समूह क़ी महिलाएं, आँगनबाड़ी सहायिकाएं, ग्राम क़े पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए। कार्यक्रम क़े दौरान जनजागरूकता रैली में बैनर एवं पम्पलेट क़े माध्यम से नशा से दूर रहने व नशा न करने देने पर सामूहिक सन्देश पहुँचाया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम, जनपद सीईओ, समाज शिक्षा संगठक, ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, पंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया

मंत्री ने स्कूलों के विकास के लिए खोला पिटारा, नगर व ग्रामीण स्कूल के लिए की कई घोषणाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 28 जून। बीएनबी उमावि नेवरा परिसर में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि केबिनेट खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता आपदा प्रबंधन तथा राजस्व मंत्री छ ग शासन टंकराम वर्मा, अध्यक्षता अनिल अग्रवाल महामंत्री भा ज पा, विशिष्ट अतिथि टिकेश्वर मनहरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, लेमिक्षा गुरू डहरिया अध्यक्ष नगर पालिका, विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नगर पालिका, राम पंजवानी, सुरेश वर्मा, भागबली साहू, विजय ठाकुर, ईश्वर यदु, मनोज निषाद, सौरभ जैन, उपस्थित रहे।

अतिथियों को कार्मल पब्लिक शाला बैंड के द्वारा स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया जहां बच्चे पुष्प वर्षा और गुलदस्ता देकर गौरवान्वित हुए।पहले मां सारदे व छत्तीसगढ महतारी के चित्रपट पर पूजा अर्चना किए। मंच पर आसीन होने के बाद माला व गुलदस्ता द्वारा सम्मान किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे ने शैक्षणिक गतिविधियों उपलब्धि को बताते हुए स्वागत भाषण का वाचन किए।

महामंत्री अनिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में सभी बच्चे शाला में प्रवेश लें का आह्वान करते हुए बताया कि आसपास के दस स्कूलों में प्रार्थना सेड का निर्माण मंत्री के अथक प्रयास से हुआ। जनपद उपाध्यक्ष मनहरेजी ने स्कूली बच्चों से कहा शिक्षक द्वारा दिए गए शिक्षा को अपने जीवन में उतारें। नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरू डहरिया शैक्षणिक नव वर्ष पर बधाई देते हुए कहा आज्ञा का पालन कर अनुशासन में रहकर पढ़ाई कर तिल्दा नेवरा का नाम रोशन

करें। मंत्री ने अपना उद्बोधन छात्रों में जोश भरने कहा- अगर करोगे भरोसा भगवान पर, तो तकदीर में लिखा है वो पाओगे। और अगर करोगे भरोसा खुदपर, तो भगवान वो लिखेगा जो तुम जो खुद चाहोगे। बच्चों का उत्साह वर्धन के लिए कहा- शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पीएगा वो दहाड़ेगा।शाला को संवारने का दायित्व केवल शिक्षक का नहीं वरन छात्र एवं पालकों का भी है।शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है। संस्कार नहीं होने से जीवन का पतन हो जाता है। संघर्षों से ही कामयाबी मिलती है।मंत्री के द्वारा हायर सेकेण्डरी सासाहोली अधूरे अहाता निर्माण को पूर्ण करने, बी एन बी के लिए शेड में पंखा लगाने व शौचालय निर्माण के लिए 5लाख, मिडिल स्कूल नेवरा पुरानी बस्ती के शेड व अहाता निर्माण के लिए दस लाख, सेजेस नेवरा सायकल स्टैंड के लिए 15 लाख, बांसटाल के लिए शेड हेतु 10 लाख व माइक सेट के लिए पचास हजार, हेमू कलाणी के लिए 10 लाख, टोहड़ा हायर सेकेण्डरी के रंगमंच और सायकल स्टैंड के लिए 10 लाख की घोषणा किए।

बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।सभी नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल मिठाई गणवेश व पाठ्यपुस्तक प्रदान किया गया। दिव्यांग को सामग्री वितरण, मेधावी छात्रों का सम्मान, साइकिल वितरण वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य बी एन बी राजेश चंदानी सहित ब्लाक के सभी प्राचार्य शिक्षक छात्र समन्वयक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

35 विद्यार्थियों को साइकिल .वृक्षारोपण कार्यक्रममें 20 पौधे का रोपण किया गया वही दिव्यांग विद्यार्थी को आवश्यक यंत्र उपकरण दिया गया 12 में 65त्न लेन वाले दिव्यांग विद्यार्थी को ब्रेल किट . 2 दिव्यांग विद्यार्थियों को व्हील चेयर 8दिव्यांग विद्यार्थी को उपकरण यंत्र प्राइमरी के 4 छात्र को किताबें और ड्रेस साथ ही मिडिल के 8 छात्रों को किताबें और गणवेस हाईस्कूल के 4 स्टूडेंट को बुक और साइकिल.ब्लॉक के 10वीं और 12वीं के टॉपर को सम्मानित किया गया।

6 लीटर अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 28 जून। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले, शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 27/06/2024 को थाना सिटी कोतवाली से प्रआर. अंजोर मांझी, मोहन जांगडे, अश्वनी पैकरा, म.आर.उकेश्वरी साहू द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाली आरोपिया अमरौतिन बाई उम्र 36 साल निवासी ग्राम लवनबन थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल 06 लीटर शराब जुमला किमती ?1200 जप्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 413/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

अवैध महुआ शराब बनाने के लिए कुख्यात बलौदा सबरिया डेरा में पुलिस का छापा

345 लीटर अवैध महुआ शराब व 3600 किलोग्राम लहान बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 28 जून। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बलौदा सबरिया डेरा में, आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए कुछ लोगों द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर डम्प किया गया है। इसके साथ ही अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास (लहान) भी भारी मात्रा में रखा गया है जिसका उपयोग आगे चलकर महुआ शराब बनाने में किया जाएगा। कि सूचना पर 26 जून को प्रातः निरीक्षक के.सी.दास, निरीक्षक केसर पराग बंजारा, लखेश केवट, आबकारी विभाग से उप निरीक्षक जलेश सिंह के साथ पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर ग्राम बलौदा सबरिया डेरा में छापा मारा गया। इस दौरान कई लोग सांवरिया डेरा में अवैध रूप से अवैध महुआ शराब का निर्माण कर रहे थे, जो कि पुलिस टीम को देखते ही मौके से फरार हो गए। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब पकड़े जाने के डर से उसे छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर पूरे इलाके का बारीकी से निरीक्षण किया गया,

जिसमें मौके पर 34500 कीमत मूल्य का 345 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 1,80,000 कीमत मूल्य का 3600 किलोग्राम महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है। कार्यवाही के क्रम में 20 भगोना बर्तन भी जप्त किया गया है जिसकी सहायता से महुआ शराब बनाया जाता है। संपूर्ण कार्रवाई में पूरी टीम को अवैध महुआ शराब का जाल फैलाने वाले एक बड़े शराब कोचिया समूह का भंडाफोड़ कर, भारी मात्रा में महुआ शराब एवं इसे बनाने में इस्तेमाल लाखों रुपये का सामान बरामद करने में सफलता मिली है।

कटगी में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बलौदाबाजार, 28 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 25 जून को दोपहर 1 बजे थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटगी में एक युवती कविता उर्फ काजल देवांगन पिता बाबूलाल उम्र 22 साल निवासी महामाया पारा ग्राम कटगी द्वारा अपने घर अंदर, म्यार में रस्सी का फंदा बनाकर, फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया है। कि सूचना पर थाना कसडोल में मर्ग जांच पंजीबद्ध कर जांच तस्दीक में लिया गया है। थाना कसडोल पुलिस द्वारा सूचना पर तत्काल घटनास्थल पहुंचकर शव का विधिवत जांच पंचनामा कार्यवाही किया गया तथा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पी.एम. रिपोर्ट अभी अप्राप्त है। प्रकरण जांच में है।

नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती पारूल अग्रवाल, पति-श्री श्याम अग्रवाल, गली नंबर-01, श्रीनगर रोड, गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग. की निवासी हूं।

मेरी पुत्री नमिषा अग्रवाल का जन्म दिनांक 24.04.2011 है। मेरी पुत्री के समस्त स्कूली दस्तावेजों, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का यही नाम नमिषा अग्रवाल अंकित है।

मैं अपनी पुत्री का नाम परिवर्तित कर **जैसिका अग्रवाल** पिता- श्री श्याम अग्रवाल माता श्रीमती पारूल अग्रवाल दर्ज करवाना चाहती हूं तथा मेरी पुत्री के भविष्य के समस्त दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम **जैसिका अग्रवाल** (JESSICA AGRAWAL) ही दर्ज किया जावे तथा मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा जावे।

श्रीमती पारूल अग्रवाल

बिहान से जुड़कर कार्य करने वाले महिला स्व सहायता समूह के कामकाज की प्रशंसा, बताया जिले के लिए रोल मॉडल

फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी लेने कलेक्टर पहुंचे गांव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 28 जून। बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी लेने कलेक्टर दीपक सोनी आज एक दिवसीय दौरे में रहे। इस दौरान उन्होनें सिमगा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेकुना के आश्रित ग्राम विश्रामपुर तथा ग्राम अडबंधा, दामाखेड़ा एवं सिमगा नगर में संचालित सहकारी सोसायटी, राशन दुकान, स्कूल भवन, पंचायत भवन का निरीक्षण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन

सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। ग्राम पंचायत ढेकुना अंतर्गत ग्राम विश्रामपुर स्थित सहकारी सोसायटी में उपस्थित किसानों और आम ग्रामीणों से मुलाकत कर खाद बीज की उपलब्धता, समय त्रुटि मिलने के बारे में जानकारी हासिल किए.जिस पर ग्रामीणों ने सरना बीज की कमी के बारे में शिकायत दर्ज कराया. शिकायत की गंभीरता को देखते हुए सोनी ने किसानों की समस्या का तत्काल निराकरण करते हुए कसडोल से बीज मंगाकर उपलब्ध कराने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। इसी तरह ग्राम पंचायत दामाखेड़ा में आजीविका मिशन के तहत बिहान समूह से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित गतिविधियों से जुड़कर जीवन मे आए सकारात्मक बदलाव के सम्बंध में जानकारी हासिल की। महिलाओं ने सोनी को बताया कि बिहान से जुड़कर उनकी आर्थिक स्थित में काफी सुधार आया है।

नवप्रवेशी स्कूली बच्चों से की मुलाकात, किया उत्साहवर्धन

कलेक्टर दीपक सोनी ने ग्राम अडबंधा के ही प्राथमिक शाला में पहुंचकर पहली कक्षा के नवप्रवेशी स्कूली बच्चों से मुलाकात की. कक्षा 5 वी के बच्चों को सोनी ने पहाड़ा, जोड़ घटाना पूछकर एवं सवाल जवाब कर उनका उत्साहवर्धन किया। पहाड़ा पूछने पर बच्चों ने कलेक्टर को पूरा पहाड़ा पढ़कर सुनाया जिस पर कलेक्टर ने बच्चों को टॉफी भी भेंट की। साथ ही कलेक्टर ने बड़े होकर क्या बनने का प्रश्न किया। जिस पर बच्चों ने डॉक्टर, इंजीनियर और पुलिस बनने की बात की। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी एवं मध्याह्न भोजन सहित शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
Phone No : 07749-222008
Fax : 07749-222008
Email : cmobalod@rediffmail.com

क्रमांक/492-/अनुज्ञप्ति/न.पा./2024
बालोद, दिनांक-26/06/2024

ईश्तहार

सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 10 दल्लीचौक के पास बालोद में स्थित रिक्त भूमि जो कि श्री सतीश कुमार, रवि कुमार, शशीलता, रजनी पिता भैयालाल के संयुक्त नाम पर प.ह.नं. 06 खसरा क्र. 607/2 रकबा 0.324 हे. में स्थापित एवं संचालित आरामिल है। जिसमें आवेदक मेसर्स भारत सॉ मिल पार्टनर श्री केशव लाल पटेल, श्री शामजी भाई पटेल, जयन्ती लाल पटेल निवासी वार्ड क्र. 12 गंजपारा बालोद, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा अनुज्ञप्तिधारी श्री अखई राम पटेल की मृत्यु उपरांत अनुज्ञप्ति पत्र में अपने नाम परिवर्तन हेतु इस निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र का मांग किया गया है।

अतः जिस किसी भी दावेदार को इस संबंध में आपत्ति हो, तो वह मूल प्रमाण सहित इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् एवं बिना प्रमाण प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

दिनांक 26/06/2024

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202406092100055
अ/6 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शाश्वत जैन पिता कंवर लाल जैन जाति जैन निवासी पटेल वार्ड नंबर 17 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा आवेदन पेश किया है की नजूल शहर डोंगरगढ़ वार्ड नंबर 18 स्थित भूमि शीट क्रमांक 4 भूखंड क्रमांक 685/21 क्षेत्रफल 780 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र दिनांक 15/5/2024 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः क्रय की गई भूमि पर से अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया है, आवेदन पत्र, तलवाना, बैनामा की छाया प्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 19/07/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402092100043
अ-2 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिता मजूमदार पिता सत्यरंजन चटर्जी जाति ब्राम्हण, निवासी 45 आर्य नगर, वार्ड नंबर 13, दुर्ग, जिला दुर्ग (छ. ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम छिरपानी, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 64/4 रकबा 0.0200 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को कृषि गोदाम प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 03/07/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़

एक नजर

आरडी बर्मन को दी जाएगी संगीतमय श्रद्धांजलि

रायपुर, 28 जून। एयरटेल, प्रसिद्ध संगीतकार आर.डी. बर्मन को उनके जन्मदिन पर श्रद्धांजलि दे रहा है। आर.डी. बर्मन बॉलीवुड संगीत में एक ऐसे महत्वपूर्ण शख्सियत है जिन्होंने अपने अनोखे संगीत से कई बेहतरीन गाने बनाये जो आज भी लोगों की पसंद है। एयरटेल डीटीएच उनकी समृद्ध विरासत के सम्मान में, बॉली रेट्रो चैनल पर आरडी बर्मन के सबसे अधिक हिट गानों को पूरे दिन बिना विज्ञापन के स्ट्रीम करेगा। दम मारो दम, चुरा लिया है तुमने जो दिल को, महबूबा महबूबा, जैसे बेहतरीन गानों के जादू में एक बार फिर से खो जाने के लिए ट्यून इन करें। चाहे आप लंबे समय से उनके प्रशंसक हों या पहली बार उनके संगीत को सुन रहे हों, यह उत्सव निश्चित रूप से आपके हृदय और आत्मा को सराबोर कर देगा।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

रायपुर, 28 जून। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अक्षय काडे 28 वर्ष लाखेनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनई 3437 को बुढ़ेश्वर मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में काशीराम नगर तेलीबांधा निवासी प्रार्थी विजय कुमार साहू 24 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 11 सीके 0550 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक ने अज्ञात व्यक्ति को रौंदा

रायपुर, 28 जून। रिंग रोड नंबर 2 स्थित अपना ढाबा के पास अज्ञात ट्रक ने रोड पार कर रहे एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि रिंग रोड नंबर 2 स्थित अपना ढाबा के पास 30 वर्षीय अज्ञात युवक रोड क्रॉस कर रहा था, तभी अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को रौंदते हुए भाग निकला। जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा कर चीरघर भिजवा दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार

रायपुर, 28 जून। सरस्वती नगर पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 205 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने पटेल किराना के पास कोटा में अवैध शराब बेचते आरोपी अनिल वर्मा 51 वर्ष व हिमालया जांगड़े 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 205 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

रमन सिंह के बहनोई का निधन

रायपुर, 28 जून। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की बहन इला कल्चुरी के

पति, डॉ. रमन सिंह के जीजा महेंद्र कल्चुरी का निधन हो गया है। महेन्द्र कल्चुरी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और आज राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम साँस ली। महेन्द्र कल्चुरी के देहावसान से डॉ. रमन सिंह के परिवार में शोक का वातावरण है। कल्चुरी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार में बेटा साकेत, बहू शैलजा कल्चुरी, बेटा शान्तनु, बहू कविता कल्चुरी के साथ बेटी सोनल सिंह और नाती पोते में शुभी, शौर्य, ईशान, मोहवी, अनय और आरिका शामिल हैं।

परिसीमन में पारदर्शिता व मतपत्र से चुनाव कराने कांग्रेस की मांग

महापौर के नेतृत्व में पार्षदों का दल मिला राज्य निर्वाचन आयुक्त से

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 28 जून। नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डों का परिसीमन आदेश जारी होने के बाद नगर निगम की सियासत गर्म हो गई है। आज महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में पार्षदों का एक प्रतिनिधि मण्डल राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त अजय सिंह से मिला। निर्वाचन आयोग के आयुक्त से परिसीमन में पारदर्शिता लाने व मतदान बैलेट पेपर से कराने की मांग की गई है।

नगर निगम के परिसीमन के लिए पार्षद श्रीकुमार मेमन को सदस्य बनाया गया है। परिसीमन समिति के लिए शासन द्वारा एडीएम देवेन्द्र पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अधिकारियों के नहीं आने के कारण परिसीमन की कार्रवाई में विलंब हो रहा है। आज महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे एवं पार्षदों का एक प्रतिनिधि मण्डल राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त से मिलकर चुनाव के लिए अपनी प्रमुख मांगे रखी है। मांग के अनुसार नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से होने चाहिए। मतदाता सूची में संशोधन करना चाहिए। जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं उन्हें जोड़ा जाना चाहिए। किसी भी वार्ड का नाम बदलना नहीं चाहिए। सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या एक जैसी होनी चाहिए।

राज्य में अब भाजपा की सरकार सत्ता में है। महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाए इसको लेकर विवाद है। नई सरकार द्वारा नियम में महापौर चुनाव के लिए आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा के आगामी सत्र में एक कानून लाया जाएगा। भाजपा की ओर से कई प्रबल दावेदार सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने महापौर की चुनाव प्रणाली को बदलने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने ईवीएम से ही चुनाव कराने की वकालत की है। राज्य में शासन के निर्देश के अनुसार वार्डों का परिसीमन 15 जुलाई तक होगा। इसमें अनेक वार्डों में बीएसयूपी के मकानों में रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। उन्हें अन्य वार्डों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके लिए मतदाता सूची वार्ड अनुसार बनाना चाहिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय नगरीय निकाय चुनाव को लेकर निरंतर बैठकें ले रहा है। राज्य में 13 नगर निगम सहित पालिकाओं एवं नगर पंचायतों की संख्या 180 है।

मंत्रिमण्डल के विस्तार को लेकर दिल्ली में उठापटक तेज

■ मुख्य नगर संवाददाता

■ जुलाई के प्रथम सप्ताह में हो सकता है शपथ ग्रहण समारोह

रायपुर, 28 जून। राज्य में विष्णुदेव सरकार के मंत्रिमण्डल में फेरबदल को लेकर अब दिल्ली में उठापटक तेज हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित संगठन के वरिष्ठ मंत्री मिलकर हाईकमान से नए मंत्रियों के नामों को लेकर अंतिम चर्चा कर रहे हैं। कतिपय चर्चित मंत्रियों के भी छुट्टी होने के आसार हैं।

मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी और संघ के बीच जो दरार गत दिनों पैदा हो गई थी उसे दूर करने के लिए अब नई दिल्ली में एक उद्बोधन कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ आरएसएस प्रमुख पूर्णेन्दु सक्सेना, संगठन मंत्री पवन साय एवं छग प्रभारी अजय जामवाल शामिल हुए हैं। सरकार की ओर से मुख्यमंत्री साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुए हैं। राजधानी में राजनीति के गलियारों में चर्चा है कि मंत्री परिषद का गठन जुलाई के प्रथम सप्ताह में कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री को हाईकमान से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। नए मंत्रियों के रूप में किसे शामिल किया जाएगा यह भी रहस्य बना हुआ है। लेकिन कुछ मंत्रियों को मंत्रिमण्डल से बाहर किए जाने की चर्चा है। यदि ऐसा हुआ तो राज्य में कुछ और नए मंत्रियों को शपथ दिलाना पड़ेगा।

वायु व ध्वनि प्रदूषण को कम करने में पावरोल की भूमिका

रायपुर, 28 जून। महिंद्रा पावरोल अधिकृत जीओईएम शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपना सीपीसीबी 4 प्लस डीजल जेनसेट लॉन्च किया। सीपीसीबी 4 प्लस जेनसेट का निर्माण 10केवीए से 32 केवीए तक रांची, झारखंड में शारदा डीजल के प्लांट में किया जाता है। इन इंजनों को चेन्नई में महिंद्रा रिसर्च वैली में इसके अनुसंधान एवं विकास केंद्र में डिजाइन किया गया है एव पुणे और नागपुर में इसके संयंत्र में निर्मित किया गया है। यह नई रेंज महिंद्रा पावरोल का नवीनतम संयोजन है जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा घोषित नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप है। ये जेनसेट तकनीकी रूप से उन्नत सीआरडीआई इंजन से सुसज्जित हैं। सीआरडीआई इंजन बेहतर और उन्नत कॉमन रेल डीजल इंजन (सीआरडीई) तकनीक से संचालित होते हैं। सीआरडीई तकनीक भविष्य के लिए तैयार है और भारी शुल्क प्रदर्शन और ईंधन दक्षता के लिए जानी जाती है। यह मानक उत्सर्जन मानदंडों से परे जाकर प्रदूषण को काफी कम करता है।

सीपीसीबी 4+ मानदंडों का लक्ष्य नाइट्रोजन ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर, और हाइड्रोकार्बन जैसे प्रदूषकों के उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम करना है। यह पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ है, स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, उन्नत प्रौद्योगिकी है, ईंधन कुशल है और ग्राहकों के लिए लागत बचत है। यह जानकारी पत्रवार्ता में रीजनल मैनेजर प्रवीण श्रीवास्तव व डील आनंद गोयल महामाया यूनिट्रेड एंड प्रोजेक्ट्स ने दी। उन्होंने बताया कि इन जेनसेट से निकलने वाला धुआं फ्रेश एयर की तरह होता है। ध्वनि प्रदूषण नहीं के बराबर है।

छत्तीसगढ़ में बलात्कार के दो मामले

मकान मालिक के बेटे ने युवती से किया दुष्कर्म

रायपुर, 28 जून। राजधानी और न्यायधानी में दुष्कर्म का मामला आया है. रायपुर में मकान मालिक के बेटे ने अपनी किराएदार युवती के साथ रेप किया है. वहीं बिलासपुर में ठेकेदार ने नशीली दवा पिलाकर नाबालिग से संबंध बनाया है. पीड़िता की शिकायत पर दोनों मामले के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस के मुताबिक, आरोपी मनीष सेन की मां का रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में घर है, जहां उन्होंने दो बहनों को कमरा किराए से दिया है. 25 जून की दोपहर आरोपी ने देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है. वह मौका देखकर जबरन घर में घुस गया. घर पर पीड़िता अकेले थी, जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने उनके साथ दुष्कर्म किया. युवती के विरोध और चीखने की आवाज सुनकर पीड़िता की बहन पहुंची, जिसे देखकर आरोपी भाग निकला. घटना के बाद पीड़िता ने अपने घर वालों को पूरे मामले की जानकारी दी. इसके बाद गुढ़ियारी थाने में मामला दर्ज कराया. पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 32 वर्षीय आरोपी मनीष सेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

बिलासपुर में नशीली दवा पिलाकर किया दुष्कर्म: बिलासपुर में ठेकेदार ने नशीली दवा पिलाकर नाबालिग से दुष्कर्म किया. काम की तलाश के दौरान नाबालिग की पहचान जरहाभाठा निवासी संतोष नामक से हुई थी. आरोपी युवक ने काम दिलाने का झांसा देकर बुलाया और सूने मकान में ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर नशीली दवा पिला दी. इसके बाद नाबालिग को 12 घंटे तक बंधक बनाकर ठेकेदार ने दुष्कर्म किया. पीड़िता की शिकायत पर सरकंडा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कई थाना प्रभारी बदले गए

रायपुर, 28 जून। एसएसपी संतोष सिंह ने राजधानी रायपुर की मजबूत कानून व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालन के लिए कई थाना प्रभारियों का तबादला किया है। रायपुर एसएसपी आईपीएस संतोष सिंह ने आदेश जारी करते हुए 20 थानेदार/निरीक्षक का ट्रांसफर अलग-अलग थाने में किया है।

बता दें कि आरंग, मौदहापारा, खम्हारडीह के थाना प्रभारियों को हटा दिया गया है। साथ ही लूप-लाइन के 4 इंस्पेक्टरों को अलग-अलग थाने की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि आरंग में बीते दिनों 3 युवकों की हत्या के मामले ने बड़ा तूल पकड़ा था, जिससे पुलिस की कार्यशैली में लगातार सवाल उठे। हालांकि तत्कालीन आरंग थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने इस मामले में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई थी। बावजूद प्रशासनिक कारणों के हवाले से उन्हें जीविशा में जिम्मेदारी सौंपी गई।

पिछले दिनों मौदहापारा भी रहा विवाद का केंद्र

बीते 1 महीने से मौदहापारा थाने में भी लगातार बवाल देखने को मिला। मेकाहारा में एक गर्भवती महिला पर गार्ड ने थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद आरोप लगे कि पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज नहीं की। इसके अलावा स्थानीय गुंडों ने इलाके में दहशतगर्दी का माहौल बनाया हुआ था

स्थानीय गुंडों ने दुकानदारों से दिनदहाड़े मारपीट की, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, लेकिन कोई कार्यवाई नहीं की गई।

इसी तरह लेडी डॉन मुस्कान रात्रे के घर से जलता गैस सिलेंडर फेंक दिया गया, जिसके बाद मोहल्ले में जमकर तनावपूर्ण स्थिति बनी। चर्चा है कि सिलसिलेवार हुई इन घटनाओं के बाद थाना प्रभारी मनोज नायक को हटाया गया है।

लाइन के 3 इंस्पेक्टरों को थाना का जिम्मा...

आदेश में इंस्पेक्टर मल्लिका बैनर्जी तिवारी, सुनील दास, राजेन्द्र दीवान कुछ शहर के तीन अलग-अलग थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये थाने पंडरी, आमानाका और धरसींवा है। इसके अलावा रक्षित केंद्र के इंस्पेक्टर विशाल कुजूर को यातायात भेजा गया है।

कांग्रेस की समीक्षा बैठक पर डिप्टी सीएम साव का तंज

देखना होगा किस पर फूटेगा हार का ठीकरा

रायपुर, 28 जून। विधानसभा और लोकसभा में मिली हार को लेकर कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक पर डीसीएम अरुण साव ने तंज कसा है. साव ने कहा, सभी राजनीतिक दल को अपनी आंतरिक बैठक का अधिकार है. कांग्रेस हार पर समीक्षा करेगी. हार का ठीकरा किस पर फूटेगा, यह देखने वाली बात है.

सीएम विष्णुदेव साय के दिल्ली दौरे को लेकर साव ने कहा, सीएम दिल्ली दौरे पर हैं. संगठन की लगातार बैठकें हैं. बैठकों में अलग-अलग संगठनात्मक विषयों पर बातचीत होगी. मानसून सत्र में कांग्रेस कई मुद्दे उठाएगी, इस पर डिप्टी सीएम साव ने कहा, सरकार हर मुद्दों का जवाब देने के लिए तैयार है. कांग्रेस प्रदेश के वातावरण को खराब करने की कोशिश कर रहा. कांग्रेस की राजनीति को छत्तीसगढ़ की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी.

बीजेपी सरकार ने नाम बदलने के अलावा कुछ नहीं किया, कांग्रेस के इस बयान पर अरुण साव ने कहा, पांच साल में छत्तीसगढ़ की जानता ने देखा. कांग्रेस ने कुछ नहीं किया और उन्हें घर बैठा दिया. वो अपनी बातें न कहे.

अस्पताल में बच्चा बदलने का मामला सीएमएचओ ने बनाई जांच टीम

रायपुर, 28 जून। पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में कथित तौर पर बच्चा बदलने के मामले में सीएमएचओ रायपुर ने जाँच करने के लिए छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

कमेटी में शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अफसर को शामिल किया गया है। कमेटी पखवाड़ेभर में अपनी जांच कर रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि, आईवीएफ के माध्यम से बचेली, बस्तर निवासी सिंह दंपति को संतान प्राप्ति हुई थी। अशोक सिंह का आरोप है कि, एक बेटा और एक बेटी का जन्म हुआ था। नर्स ने आपरेशन थिएटर से बाहर आकर यही बताया। लेकिन अस्पताल वालों ने बेटे के बदले बेटी दे दी। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने इस मामले को संवेदनशीलता से लिया। उन्होंने एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी में जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अफसर के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक और एएसओ को शामिल किया गया है। कमेटी प्रकरण की पूरी छानबीन कर मामले की हकीकत का पता लगाने का प्रयास करेगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन और प्रार्थी पक्ष से जानकारी लेने के बाद उपलब्ध कराई गई डीएनए रिपोर्ट संबंधित दस्तावेजों की जांच की जाएगी। प्रकरण की जांच पखवाड़ेभर में करने के बाद रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

महिला चेम्बर ने किया पौधारोपण

रायपुर, 28 जून। महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि महिला चेम्बर के तत्वावधान में तथा हॉर्टिकल्चर समिति के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी के सहयोग से विश्व पर्यावरण के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। महिला चेंबर अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। नारायणा हॉस्पिटल में वृक्षारोपण किया गया। अरोरा ने आगे बताया कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल हैं, जैसे-हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। अरोरा ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि दुनिया भर में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवों को जीवन जीने के लिए हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है, ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत हुई। इस दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है और प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

कार्यक्रम में मोहन वर्ल्यानी के द्वारा पौधे उपलब्ध करवाए गए। पौधारोपण में नारायणा हॉस्पिटल के स्टाफ ने पूरा सहयोग दिया जिसके लिए महिला चेम्बर उनका धन्यवाद करती है। इस अवसर पर महिला चेंबर अध्यक्ष मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, सदस्य - प्रीति उपाध्याय, ऐश्वर्या तिवारी, काजल लालवानी, डिंपल खट्टर, नीता कुकरेजा एवं हॉर्टिकल्चर समिति अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी, प्रशासक अधिकारी नारायणा हॉस्पिटल डॉक्टर मेघा खेमका, डॉ अतुल सिंघानिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू

परीक्षा पास करने के लिए 33 नहीं 40 प्रतिशत लाने होंगे

रायपुर, 28 जून। छत्तीसगढ़ में इसी सत्र (2024-25) से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो रही है। इसके तहत स्नातक स्तर के सभी कोर्स में पढ़ाई सेमेस्टर में होगी। वहीं पासिंग मार्क्स में भी बदलाव किया गया है। यानी बीए, बीएससी, बीएससी(होम साइंस), बीकॉम, बीसीए और बीबीए में परीक्षा पास करने के लिए 33 की जगह 40 फीसदी अंक लाने होंगे।

नई शिक्षा नीति को इसी साल स्नातक प्रथम वर्ष से लागू किया जा रहा है। इसलिए पासिंग नंबर का नया सिस्टम सिर्फ त्न (अंडर ग्रेजुएट) प्रथम वर्ष के लिए ही रहेगा। आंतरिक मूल्यांकन से 30 प्रतिशत अंक मिलेंगे, इसके लिए कॉलेज अपने स्तर पर टेस्ट लेंगे। वहीं 70 फीसदी अंकों के लिए सेमेस्टर परीक्षा होगी। दोनों को जोड़कर पास होने के लिए न्यूनतम 40 फीसदी लाना अनिवार्य है।

हालांकि अभी इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ और सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में इसे लागू नहीं किया जाएगा। दोनों विश्वविद्यालयों में अगले सत्र (2025-26) में लागू होगी। वहीं प्राइवेट परिक्षार्थियों को भी नियमित छात्रों की तरह ही हर छह-छह महीने में परीक्षा देनी होगी। साथ ही कॉलेजों में प्राइवेट छात्रों का भी इंटरनल एग्जाम होगा।

कोर्स छोड़ने पर मिलेगा सर्टिफिकेट: इस नीति के तहत अगर कोई स्टूडेंट त्न फर्स्ट ईयर पास होने के बाद किसी वजह से पढ़ाई छोड़ देता है, तो उन्हें सर्टिफिकेट मिलेगा। दो साल में डिप्लोमा, तीन साल पूरा करने पर ग्रेजुएशन और चौथे वर्ष की पढ़ाई में ऑनर्स और आ?नर्स विथ रिसर्च की उपाधि मिलेगी।

प्राइवेट छात्रों को पहले कराना होगा रजिस्ट्रेशन: प्राइवेट छात्र के तौर पर

यूजी फर्स्ट ईयर की परीक्षा में शामिल होने के लिए अब पहले ही रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया अगस्त में शुरू होगी। इसमें छात्रों को यह बताना होगा कि किस कॉलेज से वे परीक्षा देंगे।रजिस्ट्रेशन और अन्य की फीस कितनी होगी, अभी यह तय नहीं है। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए जल्द सूचना जारी होगी।

च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू होगा: उच्च शिक्षा सचिव आर प्रसन्ना ने बताया कि, प्रदेश में इसी सत्र से नई शिक्षा नीति लागू हो रही है। इसके अनुसार त्न में कई बदलाव किए गए हैं। जैसे, यह कोर्स सेमेस्टर सिस्टम से चलेगा। ग्रेजुएशन 3 और 4 साल का होगा। इसमें च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू होगा।

तीन चरणों में लागू होगी नई शिक्षा नीति: प्रदेश में तीन चरणों में नई शिक्षा नीति लागू होगी। पहले चरण यानी इस सत्र से (2024-25) स्नातक स्तर, दूसरे चरण में सत्र 2025-26 और अग्रगामी सत्रों के लिए विषय संयोजन किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में कौशल केंद्र की स्थापना की जाएगी। तीसरे चरण (सत्र 2026-27) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी प्रावधान पूरी तरह लागू किए जाएंगे। विभिन्न विषयों की ऑनलाइन कक्षाओं का राज्य स्तर पर संचालन होगा। एकल संकाय महाविद्यालयों को बहु-संकाय महाविद्यालयों में परिवर्तित किया जाएगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26